26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 4 मई, 2026

अंक- 189 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## प्रतिकूल मौसम में अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी-बारिश और खराब मौसम के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।

# खेला होबे!

## ममता का जादू फेल, भाजपा ने किया खेल

## असम में तीसरी बार भाजपा सरकार

### वामपंथियों का पत्ता साफ

## तमिलनाडु में उलटफेर

## केरलम में कांग्रेस को राहत




**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना के ताजा रूझानों के अनुसार पश्चिम बंगाल में खेला हो गया। वहां पहली बार भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है। असम और पुडुचेरी में भी भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी हुई है, जबकि तमिलनाडु में भारी उलटफेर की संभावना के साथ टीवीके स्पष्ट बढ़त बनाये हुए है। उधर, केरल में एक दशक बाद कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार बनने की प्रबल संभावना है।

समाचार दिये जाने तक मिले रुझाने के अनुसार पश्चिम बंगाल में भाजपा 195 सीटों पर बढ़त बनाये हुये है, जबकि ममता बनर्जी की टीएमसी 100 का आंकड़ा भी छूते नजर नहीं आ रही। राज्य में कांग्रेस को केवल एक तथा लेफ्ट को तीन सीटों पर बढ़त मिली हुई है।

केरलम विधानसभा की 140 सीटों में कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ 99 सीटों पर बढ़त बनाये हुये है, जबकि वाममोर्चा 36 सीटों पर आगे चल रहा है। यहां भाजपा को 3 सीटों पर बढ़त मिली हुई है।

**तमिलनाडु** में फिल्म अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके सरकार बनाते हुये दिख रही है। 234 सीटों वाली राज्य विधानसभा में टीवीके को 110 सीटों पर बढ़त हासिल है, जबकि एडीएमके 64 पर तथा डीएमके 60 पर आगे चल रही है। **असम** में भाजपा भारी बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। 126 सीटों वाली असम विधानसभा में भाजपा 97 सीटों पर बढ़त बनाये हुये है, जबकि कांग्रेस 25 सीटों तक सिमटती नजर आ रही है। कांग्रेस का चेहरा माने जाने वाले गौरव गोगोई 23 हजार से अधिक वोटों से चुनाव हार गये हैं। 30 सदस्यीय पुडुचेरी विधानसभा में भाजपा 16 सीटों पर बढ़त बनाये हुये है, जबकि कांग्रेस को 10 सीटें मिलती नजर आ रही हैं।

## फिर टली तालिब बन्धुओं की ज़मानत

बिजनौर (चिंगारी)। तालिब बन्धुओं की ज़मानत अर्ज़ी पर आज फिर सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने सुनवाई के लिए 11 मई निर्धारित की है। पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह पर कथित हमले के आरोप में जेल में बंद तालिब,खालिद और आबिद की ज़मानत पिछले लगभग एक माह से टलती आ रही है। एडीजे 6 की अदालत में आज ज़मानत अर्ज़ी पर सुनवाई होनी थी लेकिन आज भी सुनवाई नहीं होसकी। न्यायालय ने अब सुनवाई के लिए 11 मई निर्धरित की है।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज



मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-

1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION)
5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear)
6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



समय प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

रविवार अवकाश

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# बंगाल में भाजपा की जीत का जश्न मनाया






बिजनौर ( चिंगारी )। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की खुशी में जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और जमकर उत्सव मनाया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप ने कहा कि यह जीत देश में विकास और सुशासन की नीति पर जनता की मुहर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी, विजयदीप चौधरी उर्फ बबलू, रिंकू प्रधान, शेट्टी प्रधान, राहुल बेनिवाल, सत्य प्रकाश प्रधान, ब्रजपाल, अनुज चौधरी, धर्मेन्द्र, इलम सिंह, भानू प्रताप, प्रदीप सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतिभावान बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। पंचायतघर ग्राम अलीपुरा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता रामनाथ सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ एवं संचालन मास्टर तनवीर अहमद ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैय्यद महबूब अली रहे। कार्यक्रम के विशेष सहयोगी मौहम्मद आसिफ ग्राम प्रधान अलीपुरा, नफीस अहमद पूर्व ग्राम प्रधान, डॉ. सैय्यद मरगूब अली व डॉ. सैय्यद महफूज अली रहे। कार्यक्रम को मास्टर खुर्शीद अहमद, मास्टर अशरफ अली, अली रजा एडवोकेट, जुल्फिकार अहमद एडवोकेट, अबरार अहमद आदि ने सम्बोधित किया। समारोह में ईफा रहमान, रोहन सिंह, अनम रजा, करीना परवीन, शाद वारसी, जैनब, शाबान, मौहम्मद वारिस अली, शीफा नाज, आहिद, अरीबा परवीन, असद अली, अयाज अली, मौहम्मद अनस, अमरीन आदि प्रतिभावान बच्चों को मेडल पहनाकर, फूलमाला डालकर व प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने अनुभव बताएं।



## हाईस्कूल में कॉलेज टॉप करने वाली नेहा रवि सम्मानित

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम कामगरपुर निवासी सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली की छात्रा नेहा रवि ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल की परीक्षा में कॉलेज टॉप किया। नेहा रवि ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ कॉलेज टॉप कर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज व अपने परिवार का नाम रोशन किया। नेहा रवि के पिता ब्रह्मपाल सिंह एक अध्यापक है। नेहा रवि पढ़ाई में शुरू से ही आगे रही है। नेहा रवि ने बताया वह इसी तरह पढ़ाई करके आगे बढ़ना चाहती है। उसने इसका श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया। नेहा रवि को आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसेन हल्दिया, जिला प्रभारी शाहबुद्दीन मकरानी, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, फहीम, अतर सिंह आदि ने उसके घर पहुंचकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।



## खुर्शीद मंसूरी ने होनहार बेटी शिफा को सम्मानित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद की होनहार बेटी को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया। खुर्शीद मंसूरी ने मौहल्ला रम्पुरा निवासी अबरार अहमद की बेटी शिफा द्वारा 12 वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने पर उसके घर पहुंचकर उसे प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्री मंसूरी ने कहा कि यह सफलता एक दिन की नहीं, बल्कि उनकी लगातार मेहनत, लगन व संघर्ष का परिणाम है। उनकी कामना है कि ऐसे ही बच्चे आगे बढ़ते रहें, शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुते हुए अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस मौके पर साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के साथ आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीम सेन हल्दिया, नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, साबू प्रधान इमरान, फहीम, अतर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा संकट की ओर बढ़ रही दुनिया

**मास्को ( एजेंसी/चिंगारी )।** रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के सीईओ और अन्य देशों के साथ निवेश एवं आर्थिक सहयोग के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष प्रतिनिधि किरिल दिमित्रीव ने कहा कि दुनिया इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा संकट की ओर बढ़ रही है और उसे इसका एहसास भी नहीं है। दिमित्रीव ने एक्स पर टिप्पणी करते हुए कहा, दुनिया इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा संकट की ओर नींद में चलती जा रही है और अब जाकर कुछ समझदार लोग इस पर ध्यान देना शुरू कर रहे हैं। उन्होंने साथी निवेशक एरिक नटाल के ब्लूमबर्ग को दिये एक साक्षात्कार पर टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि तेल की कीमत जल्द ही 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाएगी। इससे पहले, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने यूरोप में डीजल और जेट ईंधन की कमी के खतरे की चेतावनी दी थी। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महानिदेशक विलियम वाल्श ने बाद में कहा कि जेट ईंधन की कमी के कारण मई के अंत तक यूरोप में उड़ानें रद्द होना शुरू हो सकता है जैसा कि पहले से ही कुछ एशियाई देशों में हो रहा है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के कारण फारस की खाड़ी से वैश्विक बाजारों तक तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से अवरुद्ध हो गया है और इससे तेल निर्यात और उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। इस अवरोध के कारण, दुनिया के अधिकांश देशों में ईंधन एवं औद्योगिक उत्पादों की कीमतें बढ़ रही हैं।

## तमाम तरह की स्वतंत्रता प्रेस की आज़ादी पर टिकी है: एंटोनियो गुटेरेस



**न्यूयॉर्क ( एजेंसी/चिंगारी )।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दुनिया भर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करने और सच्चाई बताने वालों को सुरक्षित रखने का आह्वान किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता के बिना मानवाधिकार, निरंतर विकास और शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। श्री गुटेरेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश में कहा, तमाम तरह की स्वतंत्रता प्रेस की आजादी पर टिकी है। इसके बिना न तो मानवाधिकार संभव है, न ही शांति। महासचिव का यह बयान ऐसे समय में आया है जब रिपोर्ट्र्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा जारी विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2026 में वैश्विक स्तर पर पत्रकारिता की स्थिति को लेकर बेहद चिंताजनक तस्वीर पेश की गई है। सूचकांक के 25 साल के इतिहास में पहली बार दुनिया के आधे से अधिक देशों (52.2 प्रतिशत) को प्रेस स्वतंत्रता के मामले में कठिन या गंभीर श्रेणी में रखा गया है। साल 2002 में यह आंकड़ा महज 13.7 प्रतिशत था। रिपोर्ट में विशेष रूप से कानूनी संकेतक में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जो इस बात का संकेत है कि दुनिया भर में पत्रकारिता का अपराधीकरण बढ़ रहा है।

### भारत 157वें स्थान पर

सूचकांक के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत इस सूची में 157वें स्थान पर है, जबकि अमेरिका भी सात पायदान गिरकर 64वें स्थान पर आ गया है। नॉर्वे लगातार दसवें वर्ष शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि इरिट्रिया 180वें स्थान के साथ सबसे निचले पायदान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, आज दुनिया की एक प्रतिशत से भी कम आबादी उन देशों में रहती है, जहां प्रेस की स्थिति अच्छी मानी गई है। 2002 में यह संख्या 20 प्रतिशत थी।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

### संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र शाहनवाज को गलत संगत के कारण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। **सुक्खे पुत्र हसन गांव मंझेडा शकरू, तहसील व थाना नगीना ( बिजनौर )**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा विवाहित पुत्र मौहम्मद सलमान आयु 34 वर्ष जो अव्यवहारिक है तथा गलत संगत में पड़ गया है तथा करीब एक माह से घर नहीं आया है। सुना है किसी महिला के साथ कहीं चला गया है, जिससे मेरी पुत्रवधू इकरा परवीन भी बहुत दुखी हो गई है। और वह मुझसे व मेरे परिवार वालों से अभद्र व्यवहार करता है, इसलिये मैं और मेरा परिवार उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-मौहम्मद हनीफ पुत्र श्री अब्दुल्ला, निवासी-मौहल्ला नई बस्ती नूरपुर देहात थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ



1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## इसकी कीमत तो चुकानी पड़ेगी!

नदियों के किनारे कटने से वहां पनपने वाली वनस्पतियां नष्ट होती हैं और जीव-जंतुओं का प्राकृतिक आवास समाप्त होता है। इसके परिणामस्वरूप नदी के पानी को धारण करने और उसे दोबारा जल मुहैया कराने वाली व्यवस्था को हानि पहुंचती है। इसके बावजूद अंधाधुंध विकास के चक्कर में इसकी परवाह किसे है, क्योंकि विकास का आकलन केवल आर्थिक नजरिए से किया जाता है। दरअसल, उपभोक्तावाद ने हमें इतना अधीर कर दिया है कि विकास का मापदंड सिर्फ भौतिकवादी चीजें और पैसा ही रह गया है। पक्के निर्माण के बढ़ते चलन और प्रकृति प्रदत्त चीजों पर निर्भरता कम होने का परिणाम है बढ़ता शहरीकरण। आज गांव सिमट रहे हैं और शहर भर रहे हैं। चूंकि गांवों में अभी भी आधारभूत ढांचे का अभाव है, इसलिए आर्थिक रूप से थोड़ा-बहुत हर ग्रामीण शहर में बसने के सपने देखता है या शहर की तरह गांव में पक्के घर का निर्माण चाहता है। यह प्रक्रिया आवास निर्माण उद्योग में 'क्रांति' ला रही है और पक्के निर्माण विकसित होने की निशानी माने जा रहे हैं। देश की तरक्की के लिए विकास जरूरी है पर अनियोजित विकास, समस्याएं ही बढ़ाएगा, जिसकी कीमत आज नहीं तो कल हम सबको चुकानी ही पड़ेगी। 2009 में निर्माण उद्योग ने देश के सकल घरेलू उत्पाद में 8.9 प्रतिशत का योगदान दिया था, जो 2005 के 7.4 प्रतिशत से ज्यादा रहा था। अगर देश को लगातार बढ़ते रहना है तो 31 मार्च 2017 को खत्म हुए वित्त वर्ष में संरचना क्षेत्र में निवेश को जीडीपी का दस प्रतिशत करना था, अब यह काफी बढ़ चुका है। भारत भले ही गांवों का देश हो, पर आज पूरे देश में शहरीकरण की बयार बह रही है। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक कुल 121 करोड़ की आबादी में से 37.71 करोड़ लोग शहरों में रहते हैं। भविष्य में इस तस्वीर की बहुत तेजी से बदलने की संभावना है। अनुमान के मुताबिक शहरीकरण की वर्तमान दर 31.1 प्रतिशत है, जो 2030 तक चालीस प्रतिशत हो जाएगी। बढ़ता शहरीकरण रीयल एस्टेट और आवास जैसे क्षेत्रों में मांग बढ़ा रहा है। आंकड़ों के अनुसार पिछले दस सालों में आवास क्षेत्र में बत्तीस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। जैसे-जैसे देश में शहरीकरण बढ़ता जाएगा, वैसे-वैसे मकानों वाली भूमि का आकार बढ़ता जाएगा।

# सिस्टम का कंकाल

श्यामलाल अनपढ़ था, इसलिए सिस्टम की नज़र में लगभग अदृश्य था।

बहन श्यामा अब यौवन को पार कर चुकी थी। कुछ घरों में बर्तन मांझकर पैसे इकट्ठे किए ताकि बुरे वक्त में अपने काम आ सकें।

गांव में ही खाता खुलवा लिया, धीरे-धीरे जमा करके थोड़ी बहुत रकम जमा कर ली।

किंतु एक दिन यमदूत लेने आ गए। बोली- महाराज अभी तो जीना भी न आया, तुम लेने आ गए।

यमदूत बोला- सुन श्यामा! तेरी ये हालत देख यमराज को भी तरस आ गया, समय से पहले ही तेरा टिकट मेरे पास आ गया।

खैर अब तुझे चलना होगा।

वो बोली- मैं तो चल दूंगी, पर मेरे चले जाने का सबूत मेरा अनपढ़ भाई कहां से देगा?

मेरी जमापूंजी तो सिस्टम खा जाएगा।

श्यामा चली गई।

श्यामलाल के घर में करुणा के स्वर हालात बयां कर रहे थे। वहां रोने वाले तो बहुत थे, पर सुनने वाला कोई नहीं, न समाज, न सिस्टम।

भाई ने जैसे-तैसे कर शव को दफना दिया।

एक दिन श्यामलाल बैंक गया, वहां काउंटर 1 से 3, 3 से 5 और 5 से वापस 1 पर ऐसे पहुंचा जैसे कोई तीर्थयात्रा करके आ रहा हो। गरीबी का मज़ाक ऐसे उड़ा जैसे गलत फाइल किसी सही दफ्तर में आ गई हो।



सबने मदद की बजाय हाथ खींच लिए। बाबू कहता- यहां आंखों की बेबसी नहीं, कागज का सिक्का चलता है। सबूत यमराज की मुहर नहीं, सरकारी मुहर है। या तो श्यामा लाओ या उसका वारिस। श्यामा कुंवारी थी, इसलिए वह बेबस हाथ जोड़ता रहा। नाममात्र की रकम निकालना ऐसा हो गया, जैसे हर सवाल उसे गलत ठहराने के लिए ही पूछा जा रहा हो।

वह कब्र खोदकर कंकाल उठा लाया और काउंटर पर रख दिया। इस बार उसके पास कागज नहीं, सबूत था।

भीड़ में लगे एक आदमी ने पीछे से कहा- भाई ये कंकाल बाद में दिखाना, पहले मुझे अपनी पासबुक अपडेट कराने दो। मेरी बस छूटने वाली है। दूसरा बोला- भाई! इसे वायरल कर दे, पैसे खुद ब खुद आ जाएंगे। तीसरा बोला- बैंकिंग लोकपाल में शिकायत कर दे, वो जरूर सुनेंगे। शोर सुनकर बाहर खड़ी पुलिस भी आ गई पर वो भी दुत्कार गई। उसकी आंखें आंसुओं से सूख चुकी थीं, किंतु भीड़ की आंखों में उत्सुकता की चमक बढ़ चुकी थी। मैनेजर ने कंकाल देखा। फाइल खोली और बोला- दस्तावेज़ अधूरे हैं। जाओ श्यामलाल घर जाओ, तुम्हें ऐसे पैसा नहीं मिलेगा। यहां मरने के लिए इंसान होना जरुरी है, पर अपने पैसे लेने के लिए कागज होना जरूरी है।

**विभोर अग्रवाल,** धामपुर, उत्तर प्रदेश

# बरगी जलाशय की क्रूज त्रासदी

## पर्यटन की लहरों पर उठते सुरक्षा के यक्ष प्रश्न

नर्मदा के अथाह जल विस्तार में स्थित बरगी बांध का शांत वातावरण 30 अप्रैल की शाम अचानक चीखों और मातम में बदल गया। प्रकृति के सान्निध्य में तपिश से बचने सुखद समय बिताने निकले सैलानियों के लिए वह क्रूज, काल का ग्रास बन गया। यह दुर्घटना केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि यह हमारे पर्यटन तंत्र की सुरक्षा खामियों और मानवीय त्रुटियों का एक गंभीर प्रमाण भी है। इस हादसे की गहराई में जाने पर कई ऐसे तथ्य दिखते हैं, जो प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार प्रतीत होते हैं। सूर्यास्त के समय अचानक आए चक्रवाती तूफान और तेज हवाओं ने जलाशय में ऊंची लहरें पैदा कर दीं। गहरे पानी में क्रूज का संतुलन बिगड़ना प्राकृतिक प्रकोप था, या पर्यटकों की आपाधापी से पैदा हुआ असंतुलन, किंतु ऐसे मौसम की पूर्व चेतावनी का कोई प्रभावी तंत्र न होना एक बड़ी तकनीकी विफलता रही। इसके साथ ही, क्रूज की निर्धारित क्षमता से अधिक पर्यटकों का सवार होना संतुलन बिगड़ने का एक प्रमुख कारण बना। ओवरलोडिंग के कारण जलयान की स्थिरता कम हो जाती है, जिससे विपरीत परिस्थितियों में उसके पलटने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। सुरक्षा मानकों के प्रति उदासीनता भी इस त्रासदी का एक बड़ा पहलू है। जल पर्यटन में लाइफ जैकेट की भूमिका अनिवार्य है, किंतु दुर्भाग्यवश या तो जैकेट की संख्या पर्याप्त नहीं थी या पर्यटकों ने उन्हें पहनना आवश्यक नहीं समझा। सुरक्षा नियमों की यह शिथिलता ही अक्सर जीवन पर भारी पड़ती है। वहीं शाम के धुंधलके और संसाधनों की कमी के कारण तत्काल बचाव कार्य शुरू करने में जो चुनौतियां आईं, उन्होंने हताहतों की संख्या को और बढ़ा दिया। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केवल शोक जताना पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक अभेद्य सुरक्षा ढांचा खड़ा करना समय की मांग है।



प्रत्येक क्रूज स्टेशन पर रियल-टाइम मौसम मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित होना चाहिए ताकि हवा की गति या दृश्यता कम होने की स्थिति में परिचालन को तत्काल प्रभाव से रोका जा सके। 'नो लाइफ जैकेट, नो राइड' के सिद्धांत को बिना किसी समझौते के लागू करना होगा और जलयानों की भार क्षमता की डिजिटल निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसे कदम आवश्यक हैं। साथ ही, बांध स्थलों पर स्थानीय गोताखोरों और आपदा प्रबंधन दल की एक समर्पित इकाई आधुनिक उपकरणों के साथ सदैव तैनात रहनी चाहिए, जो किसी भी आपात स्थिति में 'गोल्डन ऑवर' के भीतर सहायता पहुंचा सके। क्रूज संचालकों और चालक दल को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए नियमित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और जलयानों का समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य रूप से हो। बरगी की लहरों ने जो घाव दिये हैं, वे लंबे समय तक नहीं भरेंगे। पर्यटन और मनोरंजन का उत्साह तभी सार्थक है जब वह सुरक्षा की गारंटी के साथ हो। यह समय है कि हम तकनीक और नियमों के समन्वय से ऐसा वातावरण तैयार करें कि भविष्य में कोई भी जलाशय खुशियों की कब्रगाह न बने। (विभूति फीचर्स)



▶▶ विवेक रंजन श्रीवास्तव

# करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो अपने हिस्से की सांस भी पूरी तरह नहीं ले पाते

## भारत में अस्थमा के 3-4 करोड़ रोगी

बिजनौर (चिंगारी)। दुनियाभर में करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो अपने हिस्से की सांस भी पूरी तरह नहीं ले पाते हैं। भारत में 3-4 करोड़ लोग अस्थमा से पीड़ित हैं, जो विश्व की जनसंख्या का लगभग 11-12 प्रतिशत है। विश्वभर में अस्थमा के कारण हर साल 4 लाख 50 हजार मौते हो जाती हैं।



नगर की प्रसिद्ध फिजिशियन एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. तज़ीन आरिफ ने उपरोक्त जानकारी देते हुए कहा कि मई माह में विश्व अस्थमा दिवस आता है। अस्थमा दिवस को याद रखना जरूरी है, क्योंकि सवाल सांसो का है। उन्होंने बताया कि शहरों में धूल व प्रदूषण ऐसे कारण हैं, जो अस्थमा के मरीजों की संख्या को बढ़ा रहे हैं। यानी अस्थमा के रोगियों की संख्या बढ़ने का प्रमुख कारण प्रदूषण है। हालांकि अस्थमा को कुछ सावधानियां बरतकर रोका जा सकता है। जैसे- धूम्रपान न करें, स्वच्छ वातावरण में रहें, नियमित व्यायाम करें, धूल-धुआं से बच्चों को बचायें, मास्क का इस्तेमाल करें, नियमित रूप से जांच करें, आशंका होने पर संबंधित चिकित्सक से मिलें और यदि आपको दवाइयां दे दी जायें तो उसे नियमित रूप से लें।



### अस्थमा के रोगी भी खुलकर जिंदगी जी सकते हैं

**डॉ. तजीन आरिफ के अनुसार अस्थमा के मरीजों को हर मौसम में अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता होती है और अपने स्वास्थ्य को समझकर दमा के मरीज भी हर मौसम में मजा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि वातावरण में मौजूद नमी अस्थमा के मरीजों को प्रभावित करती है। आहार की कोई बाध्यता नहीं है, मगर किसी खास प्रकार के आहार से दिक्कत है, तो उससे परहेज करें। उन्होंने कहा कि अस्थमा के मरीज खुलकर पूरी जिंदगी जी सकते हैं, बशर्ते वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कई ऐसे उदाहरण हैं कि अस्थमा होने के बावजूद लोगों ने नोबेल प्राइज जीता है, एक्टर, क्रिकेटर, प्लेयर एवं डांसर बने हैं।**

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च्य योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

# दरगाह मजलिसों में लगने वाली दुकानों की टेंडर प्रक्रिया शुरू



नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नजफ-ए-हिन्द जोगीपुरा में 21 से 24 मई तक आयोजित होने वाली चार दिवसीय सालाना मजलिसों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में रविवार को दरगाह परिसर में मजलिसों के दौरान लगने वाली विभिन्न प्रकार की दुकानों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर स्थानों का आवंटन किया गया। रसीद काटकर दुकानदारों को स्थान देने का सिलसिला अभी जारी है। दरगाह के प्रशासक मौलाना शबाब हुसैन नकवी ने मजलिसों की तैयारियों को लेकर अपने सहयोगियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मजलिसों में भारी संख्या में आने वाले जायरीनों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रशासक चैधरी उरुज आलम सिरसी एवं संचालन पूर्व उपसचिव मौलाना फिरोज नकवी ने किया। बैठक में प्रशासक मौलाना शबाब हुसैन नकवी ने सभी सहयोगियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्य को पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ निभाए। इस दौरान दरगाह प्रबंधक हुसैन मेहंदी नकवी, चैधरी मोमिन रजा, शब्बन प्रधान, शावेज, मोहम्मद मियां, नियाज हुसैन, संपादक नय्यर जैदी, अब्बास नकवी, सईद नकवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कार्यालयः नगर पालिका परिषद् हल्दौर जनपद-बिजनौर।

पत्रांकः/ 997/न0पा0प0ह0/2026-27, दिनांकः 02 मई, 2026

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

-:: नोटिस अन्तर्गत धारा 143 (1), 147 (2) उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 ::-

एदतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सम्पत्तिओं का नामान्तरण हेतु रजिस्टर्ड बैनामा/रजिस्टर्ड वसीयतनामा/वारिसान प्रमाण-पत्र/मृत्यु प्रमाण-पत्र/शपथ-पत्र व अन्य विधिक साक्ष्यों सहित आवेदन पत्र दिये गये है। नगरपालिका के गृहकर अभिलेखों में उक्त सम्पत्तिओं के संबंध में नया नाम दर्ज होना है, जिनका विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. सं. | सम्पत्ति का पता | केता का नाम व पता | विकेता का नाम व पता | नामान्तरण का आधार | क्षेत्रफल | भवन संख्या/ अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मौ0 राजीवनगर-उ0 (खेड़ा) | श्रीमती राजबाला पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह, नि0 ग्राम सुल्तानपुर तह0 जिला-बिजनौर। | श्री महेश कुमार पुत्र श्री रामकिशन व श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नी श्री महेश कुमार, नि0 मौ0 खेड़ा (राजीवनगर), हल्दौर। | पंजीकृत बैनामा दि0 15.02.2018 | 86.25 वर्ग मी0 | नया नाम |
| 2. | मौ0 हरवंशगंज | श्री अशीम कुमार विश्वास पुत्र श्री पतित पावन विश्वास, नि0 मौ0 खेड़ा, हल्दौर। | श्री मनोज कुमार पुत्र श्री राम चरण सिंह, नि0 मौ0 खेड़ा, हल्दौर। | पंजीकृत बैनामा दि0 11.03.2026 | 24.30 वर्ग मी0 | नया नाम |

अतः उपरोक्त सम्पत्ति पर कॉलम संख्या-03 में अंकित नाम को निकाय के गृहकर अभिलेखों में दर्ज करने में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो निकाय कार्यालय में अपनी आपत्ति मय अभिलेखीय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करने के लिए उक्त धाराओं के अन्तर्गत एक माह (30 दिन) का समय दिया जाता है। निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर स्वामित्व के रूप में आवेदक का नया नाम नगर पालिका परिषद हल्दौर (बिजनौर) के गृहकर अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हल्दौर (बिजनौर)

# सिद्धकुटी और कैड़े वाले मंदिर के सौंदर्यकरण को मिलेंगे नये आयाम

**मनोज कात्यायन की रिपोर्ट**

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रदेश की योगी सरकार ने जनपद बिजनौर के प्रमुख स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए क्रियान्वित की गई योजना के अंतर्गत धामपुर विधानसभा क्षेत्र के अल्हैपुर ब्लाक के ग्राम मधी में स्थित भारतीय सनातन धर्म और संस्कृति की धरोहर प्राचीन सिद्धपीठ महात्मा श्रवण सिद्ध के कुटी स्थान और ग्राम पंचायत मोहड़ा में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री कैड़े वाले बाबा के मंदिर के सौंदर्यकरण और विकास के लिए क्रमश: एक करोड़ 12 लाख व 50 लाख रुपए की धनराशि देने की घोषणा की है।



सिद्ध आश्रम मंदिर।

## सदियों पुराना है सिद्ध कुटी का इतिहास

ग्राम मधी के बाहरी क्षेत्र में स्थित महात्मा श्रवण सिद्ध का कुटी स्थान इतिहास के पन्नों में विशेष महत्व रखता है। इतिहास के पन्नों में इस स्थान का वर्णन सन् 1516 के मुगल काल से माना जाता है। उस समय इस स्थान पर महात्मा श्रवण सिद्ध वन में कुटी बनाकर तपस्या करते थे तब आसपास के गैर संप्रदाय के असामाजिक तत्व उनको यहां से चले जाने के लिए परेशान करते थे। उस समय भी प्रतिवर्ष गंगा स्नान पर गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक मास के महीने में विशाल मेला लगता था जिसमें राजस्थान के राजपूत राजा अपने लाव लश्कर के साथ गंगा स्नान करने के लिए आते थे। इस समय गांव मधी के वन में रहने वाले महात्मा श्रवण सिद्ध भी गंगा स्नान करने के लिए गए थे तो उन्होंने राजपूत राजाओं से आतताइयों द्वारा उनको परेशान किए जाने के बारे में जानकारी दी और मदद करने का अनुरोध किया। जिस पर उनकी व्यथा सुनकर सन् 1542 में मुकुट सिंह शेखावत के नेतृत्व में 12 राजपूत राजाओं ने अपने सैनिकों के साथ मधी क्षेत्र की ओर प्रस्थान किया और इन्होंने ही मुगल मुगल शासक बाबर के सेनापति फतेउल्लाह खान तुर्क और उनके सैनिकों से मधी में युद्ध कर उन्हें परास्त किया और क्षेत्र के लोगों को उनके आतंक से मुक्त कराया था। ब्रिटिश गजीटियर में इस युद्ध का वर्णन "Ambitious Jagirdar Fleeing from Other Part Of India" एवं खुटैटा कला (अलवर) के भाटो ने अपने आलेखों में विस्तार पूर्वक किया है।


कैड़े वाले बाबा का मंदिर।

## कैड़े वाले बाबा के मंदिर का इतिहास

**ग्राम पंचायत मोहडा में स्थित प्राचीन सिद्धपीठ कैडे वाले बाबा का पावन स्थल दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने जनपद बिजनौर के अन्य धार्मिक स्थलों की भांति इसको भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 50 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। ग्राम मोहडा निवासी 70 वर्षीय पंडित चेतन स्वरूप शर्मा ने बताया कि चमत्कारिक और विलक्षण प्रतिभा के धनी कैडे वाले बाबा का इतिहास द्वापर युग से जुड़ा हुआ। यह पावन स्थान बाबा की तपस्थली के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मोहड़ा की लगभग 6 बीघा बाबा की तपस्थली भूमि पर बरेली निवासी निरंजन लाल कश्यप ने उनके ( चेतन स्वरूप )द्वारा प्रदान की गई प्रेरणा के आधार पर 25 जून 1990 को कैडे वाले बाबा के मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया था जिसको 2 दिसंबर 1990 में मात्र 6 महीने के भीतर पूर्णता दिला दी गई थी।**


पंडित चेतन स्वरूप शर्मा

## सौरभ ठाकुर ने मंत्री जी को दिया था ज्ञापन

**युवा पीढ़ी को अपने इतिहास और संस्कृति से परिचित कराने के उद्देश्य से ग्राम बक्शनपुर निवासी युवा क्षत्रिय नेता सौरभ ठाकुर ने प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री जयवीर सिंह को ज्ञापन देकर इस स्थान का सौंदर्यकरण कराकर इसको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की थी। जो अब साकार होने की ओर है। इस स्थल के सौंदर्यकरण के लिए प्रदेश सरकार ने एक करोड़ 12 लाख रुपए देने की घोषणा कर दी है।**

# सड़क का चौड़ीकरण बना जनता के जी का जंजाल

## नाला खुदाई के दौरान गिरे पेड़ से दबकर बाइक सवार युवक की मौत

### जेसीबी से पेड़ों की जड़े कर दी गई है खोकली

**धामपुर ( चिंगारी )।** शेरकोट रोड स्थित ग्राम सुहागपुर में एनसीसी कार्यालय के पास रविवार सायं करीब 6 बजे सड़क चौड़ीकरण के लिए साइड में नाला बनाने के लिए जेसीबी मशीन से की गई खुदाई से तेज आंधी-तूफान के दौरान एक पेड़ गिरने से बाइक सवार 58 वर्षीय नरेश कुमार उपाध्याय (निवासी सुहागपुर) की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जहां यह हादसा हुआ वहां पिछले कई दिनों से नाला निर्माण के लिए जेसीबी से गहरी खुदाई की जा रही थी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खुदाई के दौरान पेड़ों की जड़ों के आसपास की मिट्टी हट गई थी, जिससे पेड़ कमजोर हो गए थे। घटना के बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वन क्षेत्राधिकारी धामपुर शशांक गुप्ता ने बताया कि घटना स्थल पर पिलखन का जो पेड़ गिर गया था उसे कर्मचारी भेजकर कटवाने के बाद रास्ता सामान्य कर दिया गया है। बताया जाता है कि खुदाई किये गए नाले के पास एक पेड़ और गिराऊ स्थिति में खड़ा हुआ है उसको स्टाफ भेज कर दिखाया जाएगा।


मृतक नरेश का फाइल फोटो


गिरे हुए पेड़ को काटते हुए कर्मचारी।

### सवाल यह है कि-

**क्या नाला निर्माण के दौरान पेड़ों की सुरक्षा के मानक अपनाए गए थे?**

**क्या संबंधित विभागों द्वारा कार्य की निगरानी की जा रही थी?**

**और क्या इस तरह की खुदाई के बीच सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त थे?**

स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों लोगों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले तीन-चार दिनों से नाले की खुदाई से निकली मिट्टी जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर धामपुर क्षेत्र में एक प्लॉट में डाली जा रही थी। चर्चा है कि यह कार्य एक स्थानीय ठेकेदार से जुड़े संसाधनों द्वारा किया जा रहा था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारों का कहना है कि मिट्टी खनन और भरान के लिए संबंधित विभाग से अनुमति आवश्यक होती है और आमतौर पर निर्धारित नियमों के तहत ही परिवहन किया जाता है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या संबंधित प्रक्रिया का पालन किया गया था या नहीं।

# अवैध धंधा : फाइनेंस पर खरीदकर ट्रैक्टर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफ़ाश



**बिजनौर/मंडावर( चिंगारी )।** फाइनेंस पर खरीदे गए ट्रैक्टरों को जनपद में फर्जी दस्तावेजों के जरिए बेचने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। थाना मंडावर पुलिस ने छापेमारी कर करीब 53 लाख रुपये कीमत के सात ट्रैक्टर बरामद किये हैं। घटना के मुख्य आरोपी सहित तीन अभियुक्त फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने प्रयास तेज कर दिये हैं। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि गिरोह बेहद शातिर तरीके से काम करता था। आरोपी विभिन्न वित्तीय कंपनियों से ट्रैक्टर फाइनेंस पर खरीदते थे और फिर उनके नंबर प्लेट, चेसिस नंबर व दस्तावेजों में हेरफेर कर बिना एनओसी के अलग-अलग जगह बेच देते थे। एक ही ट्रैक्टर को कई बार बेचने के बाद उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता था, जिससे कंपनियां किस्तें बंद होने पर भी वाहन रिकवर नहीं कर पाती थीं।

### दबिश देकर बरामद किये सात ट्रैक्टर

पुलिस ने जांच के दौरान विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर सात ट्रैक्टर बरामद किए। इनमें स्वराज, महिंद्रा, सोनालिका, न्यूहॉलैंड और आयशर कंपनियों के मॉडल शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 53 लाख रुपये आंकी गई है। जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी जावेद के खिलाफ प्रतापगढ़ समेत अन्य जनपदों में भी इसी तरह के मामले दर्ज हैं। बताया गया कि उसने वहां करीब 35 ट्रैक्टर इसी तरीके से बेचे थे। पुलिस उसके नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। फिलहाल जावेद, संजीव कुमार और भूपेंद्र सिंह फरार हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो विशेष टीमें गठित की गई हैं। सीओ सिटी के अनुसार गिरोह हापुड़ और गाजियाबाद से ट्रैक्टर लाकर कागजों में हेरफेर कर ग्रामीण इलाकों में सस्ते दामों पर बेचता था। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे रैकेट का खुलासा किया जाएगा।

### कंपनियों की शिकायत पर दर्ज हुए मुक़दमे

**27 अप्रैल को महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंस कंपनी ने तीन ट्रैक्टर गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं एयू स्मॉल फाइनेंस ने दो और चोला मंडलम फाइनेंस ने एक ट्रैक्टर के गुम होने की शिकायत दी। इन मामलों में जावेद पुत्र कफील निवासी गौसपुर सादात समेत अन्य के खिलाफ थाना मंडावर में मुकदमे दर्ज किए गए।**

# शादाब ने खुद को अंकुश बताकर महिला से संबंध बनाये

**चांदपुर ( चिंगारी )।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि लगभग 4 वर्ष पूर्व उसकी जान-पहचान फोन पर एक व्यक्ति से हुई थी, जिसने अपना नाम अंकुश बताया था। उसने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। उसने बताया कि वह दिल्ली के चावड़ी बाजार में रहकर सिलाई का काम करता है। महिला के अनुसार वह दो वर्ष तक युवक से फोन पर बात करती रही। इस दौरान उसने उसके अश्लील फोटो अपने मोबाइल में खींच लिये तथा उसको जंगल में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने बताया कि वर्ष 2024 में वह अपनी बहन के यहां गाजियाबाद चली गई तथा वहां नौकरी करने लगी। वहां भी युवक उससे लगातार मिलता रहा तथा अनेक स्थानों पर ले जाकर उससे सम्बंध बनाता रहा। इस दौरान अंकुश ने उससे 70 हजार रुपए नकद व 130000 रुपये हिन्दू नाम वाले पेटीएम पर ट्रांसफर कराये। महिला के अनुसार जब उसने युवक से शादी करने को कहा तो वह टालमटोल करने लगा। उसने जब ज्यादा दबाव बनाया तो अंकुश ने उसे बताया कि वह मुस्लिम है। युवक का कहना था कि यदि उससे शादी करनी है तो मुस्लिम धर्म अपनाना पड़ेगा। जब उसने मुस्लिम धर्म अपनाने से मना किया तो युवक ने उसे धमकी दी कि वह उसकी अश्लील वीडियो व फोटो वायरल कर देगा।

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी

महिला ने बताया कि वह 1 अप्रैल को युवक के गांव कमालपुर गई तथा युवक के परिवार से इस संबंध में शिकायत की तो उन्होंने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अंकुश उर्फ शादाब पुत्र अफसर, शहजाद पुत्र इस्लामुद्दीन, अफसर पुत्र अली शेर व फईम पुत्र अफसर निवासी ग्राम कमालपुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 8 व 9 मई को होगी बास्केटबॉल प्रतियोगिता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की एक मीटिंग, एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी के निवास गड़ाना हाउस, बुखारा, बिजनौर में सम्पन्न हुई, जिसमें डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार 16 वर्ष तक के बालक वर्ग की ज़िला बास्केटबॉल प्रतियोगिता बिजनौर पब्लिक स्कूल में कराने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता 8 एवं 9 मई को प्रात: 8.30 बजे से कराई जाएगी। यह प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी, इस प्रतियोगिता में वे ही बालक खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म 1 जनवरी 2010 को या उसके बाद हुआ होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड एवं नगर पालिका का जन्म प्रमाण-पत्र (दोनों) मूल रूप में लाने होंगे। प्रतियोगिता सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं। मीटिंग में सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। मीटिंग में प्रदीप सेठी, अचल सिंह, आदेश दाहिमा (मोनू), अजय वत्स, गोपाल त्यागी, मोहम्मद राशिद, हेमन्त त्यागी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस ने डमरू को सकुशल बरामद किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम तिमरपुर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए 12 वर्षीय बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने डमरू को ले जाने वाले फिरोज को भी पकड़ लिया है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये बालक को सकुशल बरामद कर लिया। हालांकि पुलिस ने यह नहीं बताया कि बालक कहां से बरामद हुआ है। उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम को करीब 6 बजे ग्राम निवासी चंद्रप्रकाश सैनी का पुत्र शौर्य उर्फ डमरू (12 वर्ष) घर के बाहर खेल रहा था। वह अचानक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया था। डमरू मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। परिजनों ने डमरू को हरसंभव स्थान पर तलाश किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। थक-हारकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। रविवार दोपहर एएसपी सिटी डॉ. केजी सिंह व सीओ सिटी संग्राम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। शाम होते-होते पुलिस ने बालक को सकुशल बरामद कर लिया। चर्चा है कि पुलिस ने बालक को जयपुर के आसपास कहीं से बरामद किया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने बालक बरामद होने की पुष्टि तो की, लेकिन ये नहीं बताया कि बालक कहां से बरामद हुआ है। डमरू के सकुशल बरामद होने से परिजनों के चेहरे खिल उठे। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि डमरू को ले जाने वाले फिरोज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर जरूरी टिप्स दिये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में रविवार को वामा सारथी उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में वेलनेस होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 92 पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मौसमी बीमारियों, संक्रमण से बचाव और तत्काल उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने लोगों को सफाई, खानपान और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान डा. आंचल त्यागी ने महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्त्री रोगों के लक्षण, बचाव और समय पर इलाज की जरूरत पर जोर दिया, जिससे उपस्थित महिलाओं को काफी उपयोगी जानकारी मिली। कार्यक्रम का आयोजन वामा सारथी की अध्यक्षा रिया झा पत्नी अभिषेक झा के निर्देशन में आयोजित शिविर में उपनिरीक्षक अशोक कुमार तोमर, मुशब्बिर अली, फार्मासिस्ट विकास कुमार व प्रमोद सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# झोलाछाप चिकित्सक ने साथियों संग मेडिकल स्टोर संचालक पर किया हमला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव मुंढाला में मेडिकल स्टोर संचालक पर गांव में क्लीनिक चलाने वाले झोलाछाप ने अपने साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल मेडिकल स्टोर संचालक को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, थाना किरतपुर क्षेत्र के बसी निवासी संजय शर्मा पुत्र राजपाल शर्मा गांव मुंढाला में मेडिकल स्टोर करते हैं। गांव में ही झोलाछाप सुहेल पुत्र अनीस क्लीनिक चलाता है। पीड़ित का आरोप है कि कुछ दिन पहले गांव में सुहेल के क्लीनिक पर मेडिकल टीम ने छापेमारी की थी। सुहेल को शक था कि यह कार्यवाही विभाग ने संजय शर्मा के कहने पर की है, जिसके चलते सुहेल, संजय से रंजिश रखने लगा था। आरोप है कि एक मई की रात संजय शर्मा अपना मेडिकल स्टोर बंद कर किरतपुर के लिए लौट रहा था, जिस पर सुहेल पुत्र अनीस निवासी ग्राम गजरौला शिव व सुहेल पुत्र जाकिर निवासी ग्राम जंदरपुर बाइक से उसके आगे चलने लगे। गांव के बाहर पेट्रोल पंप के पास दोनों सुहेल पहले से घात लगाए बैठे दो अन्य आरोपियों के साथ उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से बुरी तरह घायल कर दिया। शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने संजय को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। संजय की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हमारे लिए सर्वोपरि जनसरोकार, पर्यावरण संरक्षण की अलख जगायेंगे बि.टा. ग्रुप के पत्रकार

बिजनौर ( चिंगारी )। बिजनौर टाइम्स समूह के समाचार-पत्रों दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी के संवाददाताओं की बैठक में जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने, पर्यावरण की रक्षा के लिए अलख जगाने का संकल्प लेते हुए ईरान-अमेरिका युद्ध पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए विश्व शांति की कामना की गयी।

बिजनौर टाइम्स समूह के प्रधान सम्पादक चन्द्रमणि रघुवंशी के निर्देशन तथा प्रबंध संपादक सूर्यमणि रघुवंशी के संचालन में आयोजित बैठक में पत्रकारिता के मूल्यों और स्वस्थ परंपराओं का अनुसरण करने का संकल्प व्यक्त किया गया। बैठक में देश में बन रहे हाईवेज व सड़कों के चौड़ीकारण के कारण पेड़ों के लगातार कटने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। देश में रोजाना लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं, लेकिन सड़कों के किनारे नए पेड़ लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। जिससे लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है और जीवन भी संकट में आ रहा है। पेड़ों के कटने से बिगड़ते पर्यावरण संतुलन के कारण मौसम का मिजाज भी बदल रहा है, जिससे खाद्यान्न का उत्पादन प्रभावित हो रहा है।



बैठक में संकल्प लिया गया कि सड़कों के किनारे तथा जहां भी संभव हो, पेड़ लगाने के लिए जनमानस को जागृत किया जाएगा और इसके लिए एक विशेष मुहिम चलाई जाएगी। बैठक में सूर्यमणि रघुवंशी ने पत्रकारों से जनसरोकारों के मुद्दे प्रमुखता से उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि पत्रकारों को अपनी लेखनी गरीबों, पिछड़ों, परेशान लोगों के हित के लिए चलानी चाहिए। उन्होंने मिशनरी पत्रकारिता का आह्वान करते हुए कहा कि हर परेशान, पीड़ित तथा शोषित व्यक्ति आज भी पत्रकार की ओर उम्मीद से देखता है।

बैठक में ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। पत्रकारों ने कहा कि इस युद्ध का प्रभाव दुनिया भर में पड़ रहा है, जिससे हर व्यक्ति प्रभावित होगा। आने वाले समय में इस युद्ध के गंभीर परिणाम सामने आएंगे। बैठक में इस युद्ध को रोके जाने तथा विश्व शांति के लिए कामना की गई। संवाददाताओं ने बढ़ती महंगाई और घटती संवेदनशीलता पर भी चिंता व्यक्त की।

बैठक के अंत में बिजनौर टाइम्स समूह के विशेष संवाददाता खुर्शीद अंसारी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा गया कि धामपुर निवासी खुर्शीद अंसारी ने मिशनरी पत्रकारिता करते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने जीवन भर बिजनौर टाइम्स तथा चिंगारी के लिए कार्य करते हुए जन सरोकारों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनका निधन बिजनौर टाइम्स समूह के लिए बहुत बड़ी क्षति है। पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन धारण कर वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अंसारी तथा वरिष्ठ पत्रकार हुक्का बिजनौर की पत्नी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। बैठक में समूह के संवाददाताओं और संपादक मंडल ने भाग लिया।





# रोडवेज बस अड्डे पर 'साठगांठ का खेल'!

## खुलेआम चल रहा सवारियों का अवैध कारोबार

### न पुलिस का खौफ, न नियमों की परवाह,प्राइवेट गाड़ियों में भरकर भेजी जा रहीं सवारियां, परिवहन निगम को रोज़ाना लग रहा हजारों का चूना

**बिजनौर ( चिंगारी )**। यहां रोडवेज बस अड्डे के आसपास अवैध वसूली और सवारियों की लूट का खुला खेल चल रहा है। आरोप है कि रोडवेजकर्मियों की कथित मिलीभगत से प्राइवेट चौपहिया वाहन बेधड़क दिल्ली और मेरठ जाने वाली सवारियां उठा रहे हैं, जिससे उ.प्र.परिवहन निगम को रोजाना भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, बस अड्डे के पास से सवारियां बैठाने का 'ठेका' दो दबंग किस्म के लोगों ने ले रखा है। ये लोग प्राइवेट वाहन चालकों से एक चक्कर के 300 से 400 रुपये तक वसूलते हैं और बदले में उन्हें खुली छूट देते हैं कि वे रोडवेज परिसर के पास से ही सवारियां उठा सकें। हैरानी की बात यह है कि इन लोगों ने एक शख्स को बाकायदा तैनात कर रखा है, जिसका काम केवल इतना है कि वह रोडवेज परिसर के अंदर से सवारियां पकड़कर लाए और उन्हें इन प्राइवेट गाड़ियों में बैठा दे।

चश्मदीदों का कहना है कि यह पूरा खेल दिनभर खुलेआम चलता है। सुबह से शाम तक यह व्यक्ति सवारियां ढोता है, गाड़ियों से तय रकम वसूलता है और दिन के अंत में अपना हिस्सा काटकर बाकी रकम अपने 'आकाओं' को सौंप देता है। सबसे चौकाने वाली बात यह है कि इस अवैध धंधे पर न तो पुलिस की नज़र पड़ती है और न ही रोडवेज प्रशासन कोई कार्रवाई करता दिखाई देता है।

दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि इस धंधे में



लगे लोगों को किसी का डर नहीं,न पुलिस का, न ही विभाग का। नतीजा यह है कि रोडवेज को हर दिन हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है, जबकि अवैध वसूली करने वाले अपनी जेबें भर रहे हैं।

#### पुलिस का दोहरा रवैया

पुलिस का दोहरा रवैया भी सवालों के घेरे में है। एक ओर पुलिस बड़े स्तर पर चल रहे इस अवैध खेल पर आंखें मूंदी हुये है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ई-रिक्शा और थ्री-व्हीलर चालकों पर उसकी ज़बरदस्त सख्ती है। शहर में प्रवेश करते ही इन वाहनों के चालान काट दिए जाते हैं, चाहे वे किसी मरीज को लेकर आए हों या किसी जरूरी काम से। अब सवाल उठता है कि आखिर कब तक यूं ही नियमों का खुला उल्लंघन होता रहेगा और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहेंगे?

#### एसपी को लेटर लिखा है

उ.प्र.परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक कुमार का कहना है कि उन्होंने इस सम्बन्ध में एसपी को लेटर लिखा था, लेकिन यह खेल बंद नहीं हुआ। वे पुनः इस सम्बन्ध में एसपी को पत्र लिखेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि रोडवेज की सावरियां बैठाने से रोडवेज को भारी नुकसान हो रहा है। गत दिनों उन्होंने रोडवेज़ परिसर के अंदर से सवारी ले जाने वाले युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था, लेकिन उसके आक़ा उसे छुड़ा लाये और वह फिर काम पर लग गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद अफजलगढ़, जनपद बिजनौर

पत्रांक-208 न.पा.प./26 दिनांक-02-05-2026

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मा. उच्च न्यायालय में योजित याचिका सं.-WPIL संख्या-1244/2025 धर्मपाल यादव बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में उ.प्र. पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली 2005 एवं यू.पी. पार्क, खेल के मैदान और खुली जगहें (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्त 1975 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ द्वारा अधिकारिता क्षेत्र में दिनांक-30.04.2026 को पार्क, खेल का मैदान और खुली जगहों का सर्वेक्षण कराया गया है, जिसमें कोई पार्क, खेल का मैदान, खुली जगह नहीं पाई गई है। उ.प्र. पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली 2005 एवं यू.पी. पार्क, खेल के मैदान और खुली जगहें (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्त 1975 में निहित व्यवस्थानुसार उपरोक्त प्रस्तर-04 में उल्लिखित नियमों के अधीन निकाय द्वारा सर्वेक्षित पार्क, खेल का मैदान, खुली जगहों के सम्बन्ध में सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है, उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति या अनापत्ति हो तो, वह प्रकाशन की तिथि से 03 माह की समयावधि के अन्तर्गत लिखित रूप में निकाय अफजलगढ़ कार्यालय में अपनी आपत्ति/अनापत्ति एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के उपरांत प्रकाशित सूचना पर प्राप्त किसी भी दावे/आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रपत्र-1

**पार्कों, खेल के मैदानों और खुली जगहों की सूची**

स्थानीय निकाय का नाम-नगर पालिका परिषद अफजलगढ़, जनपद बिजनौर।

सूची : पार्क

वार्ड का नाम तथा संख्या : वार्ड सं.

| क.सं. | नाम | अवस्थिति | क्षेत्रफल / आकार ल.Xचौ. | विस्तृत अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | - | - | - | - |

**( एस.पी. सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**

**( तबस्सुम )**
**अध्यक्ष**

# 71.70 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ

## आवागमन सुगम होगा, क्षेत्र का होगा विकास - ओम कुमार



ग्राम हुरनंगला में सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए नहटौर विधायक ओमकुमार।

**नगीना/नहटौर (चिंगारी)। नगीना लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आज बहुप्रतीक्षित सड़क परियोजनाओं का भव्य शुभारंभ ग्राम हुरनंगला में विधायक नहटौर एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी ओम कुमार द्वारा विधिवत हवन-पूजन एवं फीता काटकर किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर नहटौर से नगीना मार्ग (12.75 किमी) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य तथा नेशनल हाईवे-734 से पखनपुर, सैदपुरी, हुरनंगला, नैनपुर सराय होते हुए बिजनौर कोतवाली मार्ग से नेशनल हाईवे-709 तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। इन दोनों महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की कुल लागत 71.70 करोड़ है, जो क्षेत्र के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेंगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओम कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश सरकार, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र के साथ निरंतर जनकल्याण के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रभावी नेतृत्व में आज प्रदेश में सड़कों, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, जिससे आमजन के जीवन स्तर में व्यापक सुधार देखने को मिला है। उन्होंने आगे कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के पूर्ण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, कृषि एवं रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजनाएं क्षेत्र की आर्थिक उन्नति का मजबूत आधार बनेंगी और नगीना लोकसभा क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी। विधायक ओम कुमार ने इस उपलब्धि के लिए क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के सहयोग और विश्वास से ही ऐसे बड़े विकास कार्य संभव हो पाते हैं, और आगे भी विकास का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर श्रीमती शोभा रानी (जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा बिजनौर), तिलक राज सैनी, अतुल मारवाड़ी, डॉ. आशीष आर्य, राकेश सैनी (मंडल अध्यक्ष भाजपा आंकू), अन्नी त्यागी, हेमेंदर प्रधान, खजान सिंह सैनी (संगठन महामंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश), राजीव अहलावत, राकेश चौधरी (ब्लॉक प्रमुख), कुनाल चांग, शिवम त्यागी, हिमांशु पाराशर सहित अनेक गणमान्य जन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**नहटौर (चिंगारी)। सड़क दुर्घटना में चार दिन पहले घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। गत 20 अप्रैल को ग्राम फुलसंदा निवासी आंचल (30 वर्ष) पुत्र गजराज सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया तहरीर प्राप्त होते ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।**

## संयुक्त राष्ट्र संघ को होमुर्ज अपने नियंत्रण में ले लेना चाहिए - मुकेश सुमन

**मुजफ्फरनगर (चिंगारी)। धर्म सापेक्षता एवं संतुलन सिद्धांत के प्रतिपादक मुकेश सुमन ने प्रेस वक्तव्य में कहा कि 'यह प्रसन्नता का विषय है कि श्री ट्रम्प हमले में सकुशल बच गए। जनहित देखते हुए ईरान और अमेरिका को स्थायी संघर्ष विराम करना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता तो होमुर्ज जल डमरू मध्य पर संयुक्त राष्ट्र संघ को शीघ्र शान्ति सेना भेजकर अपने नियंत्रण में ले लेना चाहिए।'**

# हाउस टैक्स पर छूट देगी धामपुर नगर पालिका

## बोर्ड की बैठक में की गई घोषणा



**धामपुर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद के बोर्ड की शिवाजी पार्क स्थित संपादकाचार्य पंडित रूद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में आयोजित बैठक में गृह कर के संबंध में घोषणा की गई कि कमर्शियल गृहकर पर 20 प्रतिशत की छूट अप्रैल माह में तथा रेजिडेंशियल पर 20 प्रतिशत छूट अप्रैल माह में तथा 10 प्रतिशत छूट मई माह में दी जाएगी। बैठक में वर्षा काल के दौरान नालों की तली झाड़ कराने, सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत एक नग बड़ा ट्रैक्टर क्रय किए जाने सहित सड़कें, सीसी रोड बनाए जाने के प्रस्ताव पास किए गए। बैठक में नामित सभासद सरदार सतमीत सिंह मंनी ने पालिका परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा लगवाई जाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि इसकी अनुमति शासन से लेनी होगी। सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल ने खराब पड़े हुए इंडिया मार्क नलों को ठीक करने या उखड़वाने की बात रखी। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने की व संचालन रवि शंकर शुक्ला ने किया।

# अपने फेफड़ों का रखें ख़याल

## बढ़ रहे हैं अस्थमा के रोगी



**बिजनौर (चिंगारी)।** मेडिकल कालेज के टी.बी. एण्ड चेस्ट डिपार्टमेंट के चिकित्सक डा. अभिषेक चौधरी ने विश्व अस्थमा दिवस के मद्देनजर जानकारी देते हुए बताया कि अस्थमा एवं वायुमार्ग को प्रभावित करने वाली बीमारी है। अस्थमा के मरीजों में फेफड़ों में सूजन और संकुचन होता है। अस्थमा के मरीजों में आक्सीजन फेफड़ों तक नहीं पहुंच पाती है, क्योंकि अस्थमा में फेफड़ों में सूजन आ जाती है। अस्थमा के मरीजों में छाती में जकड़न घबराहट सांस फूलना, खांसी, ठण्डी हवा में सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। डा. अभिषेक चौधरी ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और जीवन शैली में बदलाव के कारण अस्थमा के रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

### किन कारणों से होता है?

1. एलर्जी, 2. धूआं, सिगरेट का धूआं, 3. मौसम, 4. वायु प्रदूषण, 5. ठण्डी हवा के सम्पर्क में आना।

### कैसे करें बचाव?

**1. अस्थमा के मरीजों को बारिश व सर्दी से ज्यादा धूल भरी आंधी से बचना चाहिये। 2. घर से निकलने पर मास्क लगाकर निकलें। 3. प्रदूषण क्षेत्र में जाने से बचें, एलर्जी निज चीजों से है, उनसे दूर रहें। 4. अस्थमा के मरीजों को डाक्टर की सलाह से ही दवाई लेनी चाहिये।**

## फोन पर तीन तलाक दी, 7 के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**नूरपुर (चिंगारी)।** नूरपुर थानाक्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना निवासी विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व जनपद अमरोहा के थाना क्षेत्र गजरौला के गांव बसेली निवासी नाज़िम पुत्र नज़र मौहम्मद के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही उसका देवर हाशिम उस पर बुरी नज़र रखने लगा जिसकी शिकायत उसने अपने पति नाज़िम से की तो वह आग बबूला हो गया। आरोप है कि उसके पति नाज़िम,ससुर नज़र मोहम्मद, सास नफ़ीसा, ननद खुशमीना,रवीना,जेठानी रेशमा ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि उसका पति नाज़िम व ससुर नज़र मोहम्मद उसे गत 21 मार्च को उसके मायके छोड़कर चले गए तथा पति ने फ़ोन पर पांच लाख रुपये की मांग करते हुए उसे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

## लव अग्रवाल ने जीता गोल्ड मेडल



लव अग्रवाल को गोल्ड मेडल पहनाते डॉ. रजत आदित्य दीक्षित।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** चिरंजीव ताइक्कांडो अकादमी अफजलगढ़ के डायरेक्टर अफजलगढ़ निवासी लव अग्रवाल ने कानपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग (पूमसे) में गोल्ड मेडल जीता। उनके कोच नगर निवासी अहमद सईद ने यह जानकारी दी। अहमद सईद ने बताया कि उन्हें यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के सीनियर सेक्रेट्री डॉ. रजत आदित्य दीक्षित ने कानपुर स्टेडियम में गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया है। अहमद सईद ने आगे बताया कि लव अग्रवाल की स्टेट लेवल पर इस कामयाबी पर मणिपुर में प्रस्तावित नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप के लिए उनका चयन हो गया है। लव अग्रवाल की इस कामयाबी पर नगर के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है और उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में भव्य विदाई समारोह का आयोजन

## प्रद्युत विश्नोई मिस्टर फेयरवैल, आस्था तोमर मिस फेयरवैल चुने गये







**बिजनौर (चिंगारी)।** कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में अंतिम वर्ष के बीटेक एवं एमबीए के छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह यादें 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र /छात्राओं ने अंतिम वर्ष के छात्रों को एवं एम.बी.ए प्रथम वर्ष के छात्रों ने द्वितीय वर्ष के छात्रों को विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नैंसी धुन्ना (सेक्रेटरी डीएलएसए बिजनौर), विशिष्ट अतिथि स्वाति वीरा महाजन (केएसवीसीईएम कोषाध्यक्ष /सचिव रेडियो संदेश 89.6), कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो.(डा.) अमित कुमार बंसल एव गयूर आसिफ, कैप्टन बिशन लाल,गिरिराज सिंह, वाजिद हुसैन आदि प्रधानाचार्य एवं डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा और कार्यक्रम इंचार्ज व डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया।

मुख्य अतिथि नैंसी धुन्ना ने छात्र /छात्राओं को बताया कि इंजीनियरिंग और प्रबंध क्षेत्र में अभी भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। आवश्यकता है सिर्फ अपना उद्देश्य लेकर पढ़ाई करने की। विशिष्ट अतिथि स्वाति वीरा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है, जो व्यक्ति को ज्ञान, नैतिकता और समझ प्रदान करता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सीएस तृतीय वर्ष की छात्रा छवि और एमबीए प्रथम वर्ष की पल्लवी ने अपने एकल नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं यशराज और ईश वंदना (सीएस तृतीय वर्ष) की जुगलबंदी ने गायन में अपनी अमिट छाप छोड़ी। अंकुश (सीएस चतुर्थ वर्ष), ग़ज़ल (एमबीए द्वितीय वर्ष) और अनुज (एमबीए प्रथम वर्ष) ने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी। सुशांत और छवि तथा नंदनी के युगल नृत्य को दर्शकों की भारी सराहना मिली। मिस्टर फेयरवेल प्रद्युत विश्नोई, मिस फेयरवेल आस्था तोमर एवं मिस्टर डैशिंग आर्यन देशवाल और मिस गॉर्जियस तनिशा चौधरी रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवानी सिंह, रुद्राणी चौहान, सुरभि ढाका, नायला नईम ने किया।

# बंगाल में पहली बार बनेगी भाजपा सरकार, कार्यकर्ताओं में खुशी अपार

**धामपुर (चिंगारी)।** पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली शानदार विजय से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता फूले नहीं समाये। आज सुबह मतगणना शुरू होते ही लोगों की नजर टीवी स्क्रीन और मोबाइल फोन पर लगी रही। जैसे-जैसे मतगणना के रूझान आते गये और उनमें भाजपा को बढ़त मिलती गई, वैसे-वैसे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की खुशी का पैमाना छलकता गया। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से भाजपाइयों के हौंसले बुलंद हुए। उधर, असम व पुंडुचेरी में पार्टी की एकतरफा जीत तथा तमिलनाडु में भाजपा गठबंधन को अच्छी सीटें मिलने तथा वहां सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन के पिछड़ने से भाजपाइयों की बाछें खिल गई। असम में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है, जबकि पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा का कमल खिला है। तमिलनाडु से भी भाजपा के लिये सकारात्मक खबर आ रही है। केवल केरलम में कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाने की ओर अग्रसर है, लेकिन वहां भी भाजपा ने अपने पैरे जमाने शुरू कर दिये हैं। कुल मिलाकर पांच राज्यों में हुए चुनाव भाजपा के लिये एक नया सवेरा लेकर आये हैं, जिससे भाजपा कार्यकर्ता व समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

# फरियादियों नहीं होती सुनवाई भ्रष्टाचार पर करो कार्रवाई- पाशा



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दबे कुचले समाज की लड़ाई लड़ रहे एमआर पाशा ने आरोप लगाया कि थानों व पुलिस चौकियों में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। बिना रिश्वत के आम आदमी की सुनवाई नहीं होती है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से लेकर सिपाहियों तक की सम्पत्तियों की जांच कराने की मांग उठाते हुए कहा कि अगर भ्रष्टाचार नहीं रुका, तो वह सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

एक बयान में उन्होंने कहा कि थानों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। गरीब फरियादियों की सुनवाई नहीं होती है। अवैध खनन व नशे का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। रात भर सड़कों पर अवैध खनन के ओवरलोड वाहन दौड़ते रहते हैं जो पुलिस दिन में हैलमेट न लगाने पर दुपहिया वाहन चालकों का चालान कर देती है, वह रात में ओवरलोड अवैध खनन के वाहनों को बाइज्जत जाने देती है। उन्हें सीज नहीं किया जाता है। पुलिस गरीब फरियादियों की रिपोर्ट दर्ज नहीं करती है। पुलिस चौकियों व थानों में विकलांगों एवं गरीबों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता। पुलिस अपने हिसाब से रिपोर्ट दर्ज करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस ज्यादा बेलगाम हो गई है और कोई नियंत्रण नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि बरसों से एक ही थाने में जमे पुलिस कर्मियों को हटाया जाना चाहिए।

# शेरकोट के युवक की स्योहारा में हुई दुर्घटना में मौत

**शेरकोट (चिंगारी)।** रविवार की दोपहर स्योहारा में सड़क हादसे में शेरकोट निवासी युवक की की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सोमवार की सुबह गमगीन माहौल में युवक को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।


मृतक का फाइल फोटो


मोहसिन के घर जमा भीड़।

विदित हो कि नगर के मुहल्ला वीरथला निवासी जमील अहमद के 28 वर्षीय पुत्र मोहसिन की रविवार की दोपहर स्योहारा में ट्रैक्टर ट्राली से कुचल जाने के कारण दर्दनाक मौत हो गई थी , जबकि उसका दोस्त इमरान घायल हो गया था। हादसे का पता लगते ही परिजन स्योहारा पहुंच गए थे। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद मोहसिन का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया और उसे देखने वालों की भीड़ लग गई। मृतक की बहन के मुम्बई और भाई के सोमवार की सुबह सऊदी अरब से घर पहुंचने पर सुबह दस बजे गमगीन माहौल में मोहसिन को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उसके जनाजे में सपा नेता अमित चौहान, नसीम राणा, शमशाद कस्सार, नौशाद राजा, रिजवान अहमद, शराफत हुसैन,डब्बू भाई आदि सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। बताया जाता है कि मृतक एक खुशमिजाज और मिलनसार लड़का था,वह पुराने कपड़ो का काम करता था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम और मुहल्ले में शोक का माहौल है।

## हाथों की मेहंदी उतरने से पहले ही उजड़ा सुहाग

**सड़क हादसे का शिकार हुए नवविवाहित युवक मोहसिन की शादी गत 27 मार्च को नगीना निवासी रज़िया परवीन से हुई थी और घर में अभी खुशियों का माहौल था। इस बीच रविवार को मोहसिन अपने दोस्त रिजवान के साथ किसी काम से बाइक पर सवार होकर स्योहारा गया था। जहां ये हृदयविदारक हादसा हो गया। हाथों की मेहंदी का रंग फीका पड़ने से पहले ही सुहाग उजड़ जाने से रज़िया पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है और उसका रो रोकर बुरा हाल है। वहीं बताया जाता है कि मोहसिन अपने छ भाईयों और एक बहन में सबसे छोटा और सबका लाड़ला था। उसकी मौत से सभी परिजनों को गहरा आघात पहुंचा है।**

# बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करेगी पत्रकार एसोसिएशन

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** रविवार को दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा के सभागार में हुई ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकाई जनपद बिजनौर की बैठक में संगठन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि 27 मई को श्रद्धापूर्वक मनाने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यक्रम को जिला मुख्यालय पर आयोजित कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। संगठन के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष डॉ. भानुप्रकाश वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह द्वारा मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद बनाने के लिए प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए डॉ. भानुप्रकाश वर्मा को बधाई दी। संगठन के जिला उपाध्यक्ष डॉ. राहुल चौधरी, जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह, जिला महामंत्री कमल सिंह, जिला संगठन मंत्री सरदार गुणवंत सिंह, शेर सिंह चौधरी, नसीम सैफी, मन्नान सैफी, हेमेंद्र सिंह पवन चौधरी, नरेश फौजी आदि ने संबोधित किया। संचालन जिला मंत्री मा. जितेंद्र कुमार ने किया।

# पेड़ क्या कटे, बंदरों का तो 'घर-बार' ही उजड़ गया

**मो. अजमल की रिपोर्ट**

## मुसाफिर भी छांव को तरसे

**चांदपुर ( चिंगारी )। पेड़ कितने उपयोगी हैं, यह उन बेजुबान बंदरों से जानो, जो पेड़ कटने पर भीषण गर्मी व धूप से बचने के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। इनके अलावा पेड़ कटने से दुकानदार, ठेलेवाले व मुसाफिर सभी परेशान हैं।**

नगर में सड़क के चौड़ीकरण के लिए बिजनौर व धनौरा रोड पर सड़क के दोनों ओर खड़े सैकड़ों पेड़ काट दिये गये। पेड़ कट जाने से सैकड़ों दुकानदार परेशान हैं, जिनकी दुकानों पर सूरज की धूप सीधी पड़ती है। सूरज निकलने से लेकर सूर्यास्त होने तक दुकानों के तंदूर बने रहने से दुकानदारों का अपनी दुकानों में बैठ पाना मुश्किल हो रहा है। पेड़ कटने से गरीब ठेले वाले व रिक्शा वाले भी परेशान हैं, जो पेड़ की छांव में बैठकर अपनी रोजी-रोटी कमाते थे। पेड़ कटने से राहगीर भी कड़ी धूप से बचने के लिए छांव को तलाशते फिरते हैं।

### भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशानी

सड़क के चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों ओर खड़े पेड़ों को काटने के साथ-साथ सड़क किनारे खड़े हैंडपंप भी हटा दिये जाने से भीषण गर्मी में राहगीरों के साथ-साथ वहां के दुकानदारों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।



बंदरों के साथ रायबहादुर आर्य ( फाइल फोटो )




**पर्यावरण संरक्षण अभियान**

### बेजुबान बंदरों का बैठने का ठिकाना कट गया

ग्राम स्याऊ में ठा. रायबहादुर आर्य के होटल के बाहर दो पेड़ खड़े हुए थे। इन दोनों पेड़ों पर दर्जनों बेजुबान बन्दर बैठे रहते थे। ठा. रायबहादुर आर्य व उनके पुत्र ठाकुर हर्षित बहादुर आर्य प्रतिदिन इन बंदरों को केले व रोटी खिलाते थे, जिससे बंदर उनसे इतने घुल-मिल गये थे। बंदर हर समय उनके आसपास घूमते रहते थे, लेकिन जैसे ही दोनों पेड़ कटे, बंदरों का बैठने का सहारा भी चला गया, अब बंदर वहां से चले गए। आर्य परिवार को बंदरों से इतनी मुहब्बत हो गई थी कि बंदरों के चले जाने से आर्य परिवार मायूस है। रायबहादुर आर्य ने बताया कि बैठने का ठिकाना कट जाने से अब बंदर कभी-कभी ही वहां आते हैं।

# जीएसएन एकेडमी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सीखीं व्यावहारिक बातें



**हल्दौर ( चिंगारी )।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी के छात्रों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से परे व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उन्हें ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरों से रुबरु कराना था। यात्रा का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस दौरान छात्रों में भारी उत्साह देखा गया। छात्रों ने गिरजा देवी, हनुमान धाम एवं रामनगर कॉर्बेट नेशनल पार्क का दौरा किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण और सामूहिक प्रबंधन संबंधी जानकारी के साथ-साथ छात्रों ने वहां की वास्तुकला और प्रबंधन प्रणालियों को भी करीब से देखा। विद्यालय व्यवस्था प्रमुख विकास पंकज ने विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण पर चर्चा, वानिकी धरोहरों का रखरखाव एवं मानव एवं वन्य जीवों के मध्य सामंजस्य आदि विषयों पर परिचर्चा की। प्रधानाचार्या स्वाति पाराशर ने कहा, 'इस तरह के भ्रमण से छात्रों का मानसिक विकास होता है और वे बाहरी दुनिया की चुनौतियों और सुंदरता को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं'। टूर का कुशलतापूर्वक संचालन ललित शर्मा, अर्जुन सिंह, अरुण डवास, जितेंद्र सिंह, अभिनव चौधरी, राकेश शर्मा, निशा राजपूत, स्वाति वर्मा, नीरु आदि शिक्षकों ने किया।

# मंदिर में मूर्ति की स्थापना की गई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय मुहल्ला जोशियान में स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर आज शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना कर प्राण-प्रतिष्ठा की गई। दोपहर को भंडारे का आयोजन भी किया गया। इससे पूर्व कल महिलाओं, पुरुषों ने मंगल कलश यात्रा निकाली थी और मूर्ति को ग्राम भ्रमण कराया था। रुकमणि, मेघा, प्रीति, सुमन देवी, शालू देवी, माया देवी, रजनी, उर्मिला, रज्जो, गायत्री, रोहित, मंदिर के पुजारी भीम जोशी (वीरेन्द्र), अंकुर, अंकित, विक्की, सुमित, तरुण, सन्नी, अवनीश एड., लालू, जुगल किशोर, जितेन्द्र, मोनी, बिजेन्द्र, कुलदीप, मा. अमित सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। यज्ञ-हवन सहित पूजा-पाठ का समस्त कार्य पं. तुषार कौशिक ने सम्पन्न कराया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



मुहल्ला जोशियान में शिव परिवार की मूर्ति स्थापित करते ग्रामीण

# पॉवर-कोल्हू में लगी आग, हुआ भरी नुकसान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम सराय आलम में नहर के समीप शौकत अली, निसार, इस्माइल, मुस्तकीम, जुल्फकार, मकसूद, जावेद ने पावर-कोल्हू चला रखा था, जो करीब 25 दिन पहले बंद हो गया था। रविवार को अपराहन लगभग तीन बजे उक्त पावर-कोल्हू में आग लग गई। ग्रामीणों ने पानी के टैंकर लाकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया, बाद में नजीबाबाद से फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंची, मगर अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। खोई के दो बुंगे जल गये, जिनमें करीब 200 कुंतल खोई थी। इंजन, सात छप्पर, 15 कुंतल भूसा, जुल्फकार की 20 कुंतल लकड़ियां, मकसूद की 10 कुंतल भाबड़ (पतली रस्सी बनाने की सामग्री) तथा अन्य सामान जलकर राख हो गया। कोल्हू चालकों का कहना है कि उनका कई लाख रूपये का नुकसान हो गया। आग लगने के सही कारण का पता नहीं लग सका। कोल्हू संचालकों के मुताबिक वहां कुछ बच्चे खेल रहे थे, हो सकता है कि किसी बच्चे से आग लग गई हो।



आग लगने के बाद हुई कोल्हू की स्थिति।

# रावटी हत्याकाण्ड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** सिसौना गांव में स्थित बैंकट हॉल के सामने हुए मामूली विवाद के बाद गांव रावटी के एक युवक को घर में घुसकर गोली मारने के मामले के एक और चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। उस पर घटना से संबंधित सबूत मिटाने का आरोप है। वह अंकित व अतुल दोनों आरोपियों का पिता है, जबकि तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल रवाना कर चुकी है। थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह ने इस घटनाक्रम को चुनौती के रूप में लिया था। वह किसी भी आरोपी को बख्शने के मूड में नहीं हैं। रावटी निवासी सुदेश कुमार पुत्र स्व. छोटन सिंह द्वारा 21 अप्रैल 2026 को पुलिस को तहरीर दी गई थी, जिसमें अंकित व अतुल पुत्रगण भूपेंद्र निवासी टूंगरी और उनके एक अन्य साथी पर घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से गोली मारने का आरोप लगाया गया था। घटना में उनका पुत्र सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया था। थाना प्रभारी जय भगवान सिंह के अनुसार चौथे आरोपी भूपेंद्र उर्फ गुड्डू पुत्र कल्याण सिंह निवासी टूंगरी को घटना में प्रयुक्त एक बुलेट मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में भूपेंद्र उर्फ गुड्डू ने पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल 2026 को उसका पुत्र अंकित इसी बुलेट मोटरसाइकिल से शादी में हुए विवाद का बदला लेने के लिए गया था। रात्रि में लगभग 12 बजे अंकित ने सौरभ के सिर में गोली मार दी थी। घटना का जैसे ही उसे पता चला वह फौरन रावटी गांव जा पहुंचा और पुत्रों को सजा से बचाने के उद्देश्य से बुलेट मोटरसाइकिल को वहां से उठा ले गया।



# गुलशन की मौत : परिजनों के समर्थन में आये नेताओं पर मुकदमा दर्ज

**स्योहारा ( चिंगारी )।** शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर मिले जुझेला निवासी गुलशन के शव के बाद पुलिस मामले को हादसा या आत्महत्या मान रही थी, लेकिन परिजनों ने पुलिस की बातों को सिरे से खारिज करते हुए गुलशन की हत्या होने की आशंका जताई थी और मुकदमा दर्ज करने के लिए कहा था। जिसपर पुलिस ने घटना का प्रत्यक्षदर्शी लोको पायलट का बयान भी दिखाया और कहा कि गुलशन ट्रेन से टकराया है लेकिन परिजनों ने उसे भी नकार दिया और हत्या का मुकदमा दर्ज करने को लेकर अड़े रहे। गुलशन का शव 25 घंटे तक घर पर रखा रहा। जिसके बाद भीम आर्मी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और परिजनों के समर्थन में उतर आए। इसी दौरान सड़क पर जाम लगाया गया, नारेबाजी हुई और पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को कई बार समझाना और सख्ती दोनों का सहारा लेना पड़ा। लगातार बढ़ते दबाव और हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने आखिरकार चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद ही देर रात परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया गया। हालांकि, मामला यहीं शांत नहीं हुआ। पुलिस ने अब इस पूरे घटनाक्रम के दौरान हुए हंगामे को गंभीरता से लेते हुए दूसरी कार्रवाई की है। हलका इंचार्ज प्रमोद शर्मा की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रशांत महासागर, लीगल एडवाइजर नईम अहमद, डॉ. अनिल कुमार, सुरेश कुमार और जिला सचिव लवली समेत 10 से 15 अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस का आरोप है कि इन लोगों ने परिजनों के साथ मिलकर अंतिम संस्कार में जान-बूझकर देरी कराई, शव का निरादर किया, सड़क पर अवरोध उत्पन्न किया और सरकारी कार्य में बाधा डाली। इसके चलते कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने लगी, जिसे संभालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### बड़ा सवाल! वाकई गुलशन की हत्या हुई है या राजनीतिक दबाव?

**स्योहारा ( चिंगारी )। गुलशन की मौत को पुलिस ने ट्रेन हादसा माना, लेकिन परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए पुलिस से मुकदमा दर्ज कराया है। जिससे एक सवाल उठ रहा है कि क्या वाकई गुलशन की हत्या हुई है या सिर्फ राजनीति के चलते ऐसा हुआ। इस सवाल का जबाव पुलिस की जांच पूर्ण होने पर ही मिल सकेगा।**

# वीके इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा माही सिमार ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**नहटौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 का आयोजन द स्पोर्ट्स हब पालिका स्टेडियम कानपुर में किया गया। चैंपियनशिप में नहटौर के वीके इंटरनेशनल स्कूल नहटौर की छात्रा माही सिमार ने सब जूनियर वर्ग के अंडर 57 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। सिमार मौहल्ला होलियान (रिलाइंस कालोनी) निवासी सुकेश कुमार की बेटी है। छात्रा की उपलब्धि पर वीके इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक शिल्पी कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य प्रेरणा चौधरी आदि ने खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आशाओं ने किया प्रदर्शन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** आशा/आशा संगिनी कर्मचारी संगठन उत्तर प्रदेश के बैनर तले हल्दौर ब्लॉक क्षेत्र की आशाओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन कर प्रभारी चिकित्साधिकारी को ज्ञापन दिया। ब्लॉक क्षेत्र की सभी आशाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि उनका रुका हुआ पैसा दिलाने तथा 3 माह की प्रोत्साहन राशि, नसबंदी, डिलीवरी, आयुष्मान आदि का पैसा अभी तक न आने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए शीघ्र उनका पैसा दिलाया जाए। प्रदर्शन व ज्ञापन देने वालों में दीपा, पिंकी, गायत्री देवी, बाला देवी, रामेश्वरी देवी, ममता, बबीता, सविता, कविता देवी, मनीषा देवी, शाइस्ता परवीन, पवित्रा देवी, अनीता देवी, लक्ष्मी देवी, रघुवति, भागेश्वरी आदि आशाएं शामिल रही।

# नहटौर में सक्सेस पॉइंट एकेडमी का उद्घाटन

### सफलता के लिए मेहनत ही एक मात्र विकल्प - ओम कुमार



**नहटौर ( चिंगारी )।** यहां हल्दौर रोड स्थित शिव विहार (जाट कॉलोनी) में स्थापित सक्सेस पॉइन्ट एकेडमी का विधायक ओम कुमार व उनकी पत्नी शोभारानी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। अकादमी के अध्यक्ष परीक्षित कुमार, डायरेक्टर अंकित कुमार, ज्योति रानी आदि ने विधायक ओमकुमार एवं उनकी पत्नी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डायरेक्टर अंकित कुमार ने बताया कि अकादमी में नीट, इंजीनियरिंग आदि परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला मंत्री भाजपा तिलकराज सैनी, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, कुणाल सिंह गिलाड़ी, मनोज चिकारा, राकेश सैनी, अंकज, नरेश प्रधान, शिवम त्यागी, डॉ उर्मिला, मोनिका रुस्तम यादव, देवराज सिंह, कुलवीर चौधरी आदि उपस्थित रहें।

## दो माह बाद दर्ज हुआ दुर्घटना का मुकदमा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव धूंधली निवासी मेघराज सिंब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 6 मार्च को सुबह समय करीब आठ बजे वह ई रिक्शा से नूरपुर की ओर आ रहा था। जब वह गौरक्षधाम चौकी के पास पहुंचा तो डाक पार्सल वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी हादसे में मेघराज सिंह के दाएं पैर व बाएं हाथ मे फ्रेक्चर हो गया था। हादसे के समय ई रिक्शा में बैठी दो और अन्य सवारी भी घायल हो गई थी। मेघराज सिंह का धामपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर डाक पार्सल वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

## राहुल राजपूत अध्यक्ष व सचिन चौधरी सचिव बने

**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की बिजनौर इकाई की वार्षिक बैठक बिजनौर इकाई कार्यालय पर आयोजित हुई। वार्षिक अधिवेशन के रूप में हुई बैठक में मुरादाबाद से आये स्टेट आब्जर्वर अजय चौहान तथा कन्वीनर एनसी पाठक के सानिध्य में कार्यकारिणी का वार्षिक चुनाव हुआ, जिसमें राहुल राजपूत अध्यक्ष, सचिव चौधरी सचिव, मुकुल तोमर कोषाध्यक्ष चुने गये। इनके साथ ही अतुल कुमार, उज्वल धीमान, ललित, दिशु, राकेश, कामेन्द्र अहलावत कार्यकारणी सदस्य बनाये गये। कार्यक्रम में मुकुल, सचिन भारद्वाज, हेमन्त चौधरी, अंकित चौधरी, अजीत चौधरी, सुशील राजपूत आदि उपस्थित रहे।**

# सम्मान के आंचल में सिमटी जिंदगी की तपस्या, बिजनौर में भावुक हुआ शिक्षकों का संसार

### सेवानिवृत्त शिक्षाविदों को मिला मान-सम्मान, आंखों में छलके आभार के आंसू- 'रिटायरमेंट के बाद भी याद रखा जाना सबसे बड़ा पुरस्कार'

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ज्ञान की रोशनी से पीढ़ियों को आलोकित करने वाले शिक्षाविदों के लिए वह पल बेहद भावुक कर देने वाला था, जब नगर कल्याण समिति बिजनौर ने उन्हें सम्मान के मंच पर बुलाकर उनकी जीवनभर की तपस्या को नमन किया। किरण उत्सव मंडप में आयोजित इस गरिमामय समारोह में सम्मानित होते ही कई शिक्षकों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और छवि कौशल व शालू जी की मधुर सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसने वातावरण को पूरी तरह से आध्यात्मिक और भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम की संयोजिका सुमन चौधरी ने अपने सधे हुए संचालन से हर पल को खास बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य व सेवानिवृत्त डॉ. एस.सी. जैन ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र कुमार शर्मा सहित प्रतिभा माथुर, डॉ. ओ.पी. गर्ग, डॉ. जी.आर. गुप्ता, देवराज त्यागी, आलोक खन्ना, रश्मि गुप्ता, सुरेंद्र प्रकाश भटनागर, सुरेश चंद शर्मा, निकअत परवीन, संतोष ठाकुर, सुरेंद्र चौहान, डॉ. बी.पी. अरोड़ा, डी.पी. सिंह, कल्याण सिंह, गोमती देवी, कृष्णा देवी, पुष्पा देवी और राजकुमार सिंह समेत अनेक शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर शिक्षाविदों की भावनाएं छलक उठीं। उन्होंने कहा कि अक्सर रिटायरमेंट के बाद समाज में उपेक्षा का अनुभव होता है, लेकिन इस तरह का सम्मान उनके जीवन को नई ऊर्जा और पहचान देता है। 'यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि हमारे योगदान की सच्ची पहचान है,' उन्होंने भावुक स्वर में कहा। समारोह को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में समिति के अध्यक्ष हसन अब्बास और महासचिव राजीव अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. मीना बक्शी, राजुल त्यागी, सुनील गोयल, अनीता चौधरी, डॉ. नीता सिंह, डॉ. मंजुला कुमार, नीरा अग्रवाल, पुष्पा ठाकुर, संतराम, विजय सचदेवा, जेपी वार्ष्णेय, केसी त्यागी, रचना खन्ना, शोभना सिंह, विनोद सिंह, भारत भूषण मित्तल, उषा चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी रितेश भटनागर ने दी।





## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 05 मई 2026**

मेष- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चने, स्वजनो से मनमुटाव, नवसमस्याएँ उपस्थित, राजनीतिक पक्ष से उलझने, व्यय की अधिकता, अशांति भी।

वृषभ- मनोवांछित सफलता, योजनाओं की शुरुआत, उच्चाधिकारियों स सम्पर्क, वैमनस्यता का समापन, मंगल आयोजन सम्पन्न, उत्तरदायित्व निभाने से व्यवधान समाप्त।

मिथुन- व्यापार में धन निवेश, कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में रुचि, निजी जिन्दगी में सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा सकुशल।

कर्क- विचारित योजना कार्य रूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, सलयोगियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, अध्यात्म के प्रति आस्था, शांति भी।

सिंह- परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, कार्य सिद्धि में विलम्ब, क्रोध की अधिकता, प्रतियोगिता, में असफलता, मानसिक असंतुलन, यात्रा में असुविधा।

कन्या- दिन बेहतर, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, प्रियजनों से प्रगाढ़ता, विवाद के समापन से शांति, विरोधी हानि पहुँचाने में विफल, प्रसन्नता भी।

तुला- योजना साकार होने की ओर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, वरिष्ठजनों की सलाह से आपको कामयाबी हासिल, दर्शनीय की यात्रा का प्रसंग उपस्थित।

वृश्चिक-समय संतोषजनक, मित्रो-परिजनों से विचार-विमर्श, कार्य-व्यवसाय अर्थपक्ष में उन्नति का अवसर, मनो-विनोद के अवसर सुलभ, वैवाहिक संबंध में सुधार।

धनु- आर्थिक पक्ष से असंतोष, धनागम में बाधा, किसी से विवाद की आशंका, शत्रु हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयत्नशील, अनावश्यक भ्रमण, मित्रों से गलत फहमी।

मकर- आरोग्य सुख, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, नौकरी में प्रोन्नति, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, अध्यावसाय की ओर रुझान, परोपकार की भावना जागृत।

कुम्भ- मनोवांछित सफलता का सुअवसर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, पुराने विवाद का समापन, विरोधी परास्त, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, आवागम में अनुकूलता भी।

मीन- आर्थिक-व्यापारिक प्रगति, पूँजी का प्रतिफल, आशानुकूल प्राप्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ हल, मनो-विनोद के सुअवसर, उत्साह में वृद्धि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# नहटौर में हल्दौर चौराहे पर इंस्टॉल हुये कैमरे

## ऑनलाइन घर पहुंचेगा चालान

नहटौर (चिंगारी)। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं अपराधों पर रोक लगाने के लिये नहटौर में हल्दौर चौराहे पर कैमरे लगाये गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी ऑनलाइन किए जाएंगे, जो उनके सीधे मोबाइल या घर पर पहुंचेंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिये हल्दौर चौराहे पर कैमरे लगाये गए हैं। बताया जाता है यह जिला मुख्यालय व लखनऊ से भी कंट्रोल होंगे।



नहटौर में हल्दौर चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे

पुलिस के अनुसार यह ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरे हाई विजिबिलिटी वाले हैं, जो तेज रफ्तार में भी गाड़ियों के नंबर आसानी से ट्रेस कर लेंगे। जिससे नियम तोड़ने वाले, बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग या बिना सीट बेल्ट लगाये चालक की गाड़ी रोकने की जरूरत नहीं होगी। उनका चालान सीधे वाहन मालिक के घर पहुंचेगा। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वाहन चालकों के ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को रोकने एवं अपराधी गतिविधियों को रोकने एवं खुलासों में भी मददगार साबित होंगे।


## सड़क पर गिरा पेड़, लगा जाम बड़ा हादसा टला कल शाम

**नगीना (चिंगारी)।** रोडवेज बस स्टैंड के सामने करीब पौने आठ बजे अचानक एक विशाल पेड़ भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह बाधित हो गया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेड़ अचानक जड़ से कमजोर होकर सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि जिस समय पेड़ गिरा, उस वक्त सड़क से कोई वाहन या राहगीर नहीं गुजर रहा था। इससे बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पेड़ गिरने के बाद राहगीरों और आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए मिलकर गिरे हुए पेड़ को सड़क से हटाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद पेड़ को रास्ते से हटाया गया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे खड़े जर्जर पेड़ों की समय-समय पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## 173 लोगों ने आंखों की जांच कराई, 93 का होगा मोतियाबिंद आप्रेशन

**हल्दौर (चिंगारी)।** नगर के सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 173 मरीजों की आंखों का चैकअप किया गया। जिनमें से टैक्नीशियन टीम ने 93 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया। यहां वर्मा मैरिज हॉल पर लगे नि:शुल्क नेत्र शिविर में नगर व आसपास के क्षेत्रों के लोग अपनी आंखों का चैकअप कराने पहुंचे, जिनकी आंखों का निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश की चिकित्सकों की टीम द्वारा नि:शुल्क चैकअप किया गया। चिकित्सको की टीम में शामिल डा.संजय बर्थवाल, बब्लू कुमार, निशांत कुमार, शुभम नेगी, सूरज तिवारी, सुखबीर सिंह, विकास बडोनी, रामकिशोर, अनिकेत, महेंद्र सिंह आदि ने 173 मरीजों की आंखों का चैकअप कर 93 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया। शिविर में सुशील वर्मा, महिपाल सिंह, जितेंद्र फौजी, दुष्यंत चौहान देशू, डॉ. गजराज सिंह, डा.वीरेन्द्र सिंह, अरविंद चौहान, तरंग वर्मा व भोले वर्मा आदि का सहयोग रहा।



## कैम्प में डेढ़ सौ लोगों ने करायी आंखों की जांच

**किरतपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के D.S.P. School की ओर से डॉ. जुनैद क्लीनिक पर नि:शुल्क आंखों के कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप हिमालयन इंस्टिट्यूट हॉस्पिटल, जॉलीग्रांट देहरादून के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया। कैंप में लगभग 150 मरीजों की आंखों की जांच की गई। सभी मरीजों को नि:शुल्क परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा 15 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिन्हें आगे के उपचार के लिए चिन्हित किया गया। इस दौरान कैंप में विशेषज्ञ टीम के रूप में डॉ. रुतु पूर्णा, डॉ. मौहम्मद जुनैद, डॉ. मौहम्मद बिलाल, सुबोध कुमार, डॉ. शिवानी, डॉ. अंजलि, मौहम्मद अली, मौहम्मद आतिफ और मौहम्मद ईशान सहित अन्य लोगों ने सहयोग दिया। कैंप का उद्घाटन किरतपुर के पटवारी आलोक कुमार, इरशाद आलम अंसारी और डॉ. जुनैद द्वारा फीता काटकर किया गया। कैंप संयोजक डॉक्टर मौहम्मद जुनैद ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## विनेश बोलीं-मैं भी बृजभूषण के शोषण की पीड़ित

## गोंडा में कुश्ती लड़ना मुश्किल होगा

पानीपत (एजेंसी/चिंगारी)। ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ (WFI) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके विनेश ने कहा, यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट हो रहा है। आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं कहना चाहती हूं कि बृजभूषण शरण के खिलाफ कंप्लेंट करने वाले उन 6 विक्टिम में मैं भी शामिल हूं। मेरी गवाही भी कोर्ट में चल रही है। मेरा उसके घर (गोंडा) में जाकर कम्पटीशन लड़ना मुश्किल होगा। मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100 प्रतिशत दे पाऊंगी। एक लड़की के लिए ये काफी मुश्किल होगा। मैं और मेरी टीम कम्पटीशन लड़ेगी, अगर किसी के साथ कुछ गलत होता है, तो इसकी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। बता दें कि करीब 3 साल पहले विनेश ने बृजभूषण पर महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसे लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ धरना भी दिया था। विनेश हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं। बृजभूषण भाजपा के पूर्व सांसद हैं। वर्तमान में उनका एक बेटा यूपी से सांसद और एक विधायक है।



# 'नेत्रदान-महादान' की उक्ति को चरितार्थ किया

## यशपाल एवं रविन्द्र जैन के नेत्रों का किया गया दान





**ऋषिकेश (चिंगारी)।** नेत्रदान के प्रति समाज में अब नई सोच के साथ क्रांति आ रही है। लोग नेत्रदान के महत्व को समझते हुए आगे आ रहे हैं। हाल ही में देहरादून निवासी यशपाल चावला व सहारनपुर निवासी रविंद्र कुमार जैन के मरणोपरांत परिजनों ने दुख की घड़ी में भी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए नेत्रदान का पुनीत कार्य किया। नेत्रदान कार्यकर्ता व लायंस क्लब ऋषिकेश देवभूमि के चार्टर अध्यक्ष गोपाल नारंग ने बताया कि देहरादून निवासी हृदय रोग से पीड़ित यशपाल चावला के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी प्राप्त करने पहुंचे सुंदर मोहन पाहवा को चिकित्सक ने सच्चाई से अवगत कराया। पाहवा ने परिजनों से नेत्रदान की स्वीकृति प्राप्त कर उन्हें मृत्योपरांत नेत्रदान कराने के लिए प्रेरित किया। अस्पताल प्रशासन ने आई डोनर कार्ड के आधार पर स्वीकृति प्रदान की पाहवा ने उन्हें चुके अनुपम गर्ग ने परिजनों से स्वीकृति प्राप्त कर नारंग से संपर्क किया। नारंग के सहारनपुर में सहयोगी सूरज जैन ने नेत्र दान कराया। सुशील भनोट, गुरदेव सिंह, विशाल मल्होत्रा ने सूरज जैन को साधुवाद दिया। लायंस क्लब ऋषिकेश देव भूमि के जनसंपर्क अधिकारी मनमोहन भोला ने बताया कि लायंस क्लब ऋषिकेश देवभूमि का यह मिशन का 461वां सफल नेत्रदान प्रयास है। उन्होंने कहा कि नेत्रदाताओं के सहयोग से यह अभियान अविरल चलता रहेगा और अधिक से अधिक लोगों को नई रोशनी मिल सकेगी। अंगदान व नेत्रदान मृत्यु के उपरांत परिवार की सहमति से भी होने की जानकारी दी। चिकित्सक से स्वीकृति मिलने पर उन्होंने नारंग को अवगत कराया। मृत्योपरांत सूचना मिलने पर नारंग के आग्रह पर हिमालय नेत्र बैंक प्रभारी डॉ. सुकृति उपाध्याय ने नेत्रदान की रेस्क्यू टीम में डॉ. रोहन मेहंदीरत्ता को भेजकर दोनों कॉर्निया सुरक्षित प्राप्त कर लिये। नेत्रदान की कड़ी में सहारनपुर निवासी रविंद्र कुमार जैन के निधन पर पूर्व में पिता का नेत्रदान करा

# महाराणा प्रताप की शोभायात्रा के लिये किया जनसम्पर्क



**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम सरकथल माधो व ग्राम सलावा में आगामी 09 मई रविवार को महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा के संबंध में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि यह शोभायात्रा प्रातः 9 बजे राजपूताना रिसॉर्ट धामपुर से प्रारंभ होगी तथा 11 बजे नगर में प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर जयवीर सिंह सिसोदिया, जिला अध्यक्ष महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर, ठाकुर सौरभ सिंह द्वारा ग्राम-ग्राम जाकर जनसंपर्क किया गया तथा समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रेरित किया गया। महाराणा प्रताप जी के शौर्य, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति के गौरवमयी इतिहास को स्मरण करते हुए बताया गया कि महाराणा प्रताप केवल एक समाज नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के गौरव हैं। उनका जीवन संघर्ष, सम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक है।

# विधायक ने किया मेले का उद्घाटन



**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम पंचायत जैतरा में नूरपुर मार्ग पर 'धामपुर महोत्सव' नामक मेले का उद्घाटन विधायक अशोक राणा ने फीता काटकर और नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर मेला आयोजक विपिन शेखावत ने बताया कि मेला 1 जून 2026 तक चलेगा। मेले में बच्चों के आइटम, जलपरी, हलवा पराठा, सौंदर्य प्रसाधन व खाने के स्टाल लगे हुए हैं। इस अवसर पर ग्राम जैतरा के प्रधान पति आदित्य वीर सिंह एडवोकेट, सतीश कुमार, मनोज सिसोदिया, जेके जेतारिया, खुर्शीद आलम मंसूरी भी मौजूद रहे।

# सरकारी व निजी क्षेत्र में बेहतर कैरियर बनाने की जानकारी दी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** आईटीडीए कैल्क कम्प्यूटर संस्थान में संस्थान तथा बुरांस कोचिंग क्लासेस के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सरकारी व निजी क्षेत्र में बेहतर कैरियर बनाने पर जानकारी दी गई। संस्थान के जन संपर्कअधिकारी अरविंद दुदपुड़ी ने छात्र-छात्राओं को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग तथा उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से निकलने वाली भर्तियों सहित उत्तराखंड पीसीएस, लोअर पीसीएस, समीक्षा अधिकारी तथा अन्य भर्तियों के संबंध में जानकारी दी। साथ ही छात्र-छात्राओं को बीसीए, एमसीए, एमबीए व मास कम्युनिकेशन संबंधित करियर ओरिएंटेड पाठ्यक्रमों से भी अवगत कराया। बताया कि संस्थान में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के आयोजन लगातार किए जाते हैं।

# जिला स्तरीय अंडर-18 बालक एवं बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

## बालिका में टीसीजी व बालक में आरसीडी विजयी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिला बास्केटबॉल संघ पौड़ी के तत्वावधान में आरसीडी पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-18 बालक एवं बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता में जनपद के 12 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान दोनों वर्गों में आरसीडी चैंपियन रहा। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में टीसीजी पब्लिक स्कूल ने शानदार खेल दिखाते हुए कॉन्वेंट स्कूल को 12-8 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रधानाचार्य सीमा ढौंडियाल द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। बालक वर्ग के फाइनल में आरसीडी पब्लिक स्कूल ने श्रीनगर टीम को 27-24 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि सुमन कोटनाला द्वारा ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। जबकि, उपविजेता श्रीनगर टीम को विद्यालय के संस्थापक सुरेश चंद्र ढौंडियाल ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का पुरस्कार बालक वर्ग में श्रीनगर के अनिरुद्ध व बालिका वर्ग में कॉन्वेंट स्कूल की श्रुति भंडारी को दिया गया। इस मौके पर आयोजक एवं जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव विष्णु प्रसाद चमोली, आर्यन ध्यानी, सतीश मौर्य, मोहम्मद आसिफ और सिद्धार्थ रावत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# वन विभाग के डीएफओ से ली, लालढांग चिल्लरखाल मार्ग निर्माण की जानकारी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग निर्माण संघर्ष समिति के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने आंदोलनकारी रविंद्र सौंद और देवेंद्र रावत के नेतृत्व में 12 फरवरी 2026 के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद रोड निर्माण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी लेने हेतु वन विभाग के डीएफओ से मुलाकात की।

प्रतिनिधि मंडल ने दिन-रात आवागमन हेतु एलिवेटेड रोड की बात की। साथ ही बताया कि 4.7 किमी. के टाइगर रिजर्व में पड़ने वाली सड़क को 2006 के गैजेट ऑफ इंडिया के अनुसार डिनोटिफाइ कर लोनिवि को ट्रांसफर किया जाना चाहिए। साथ ही 17 नवंबर 20 25 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए लीनियर डेवलपमेंट के तहत एलिवेटेड रोड का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव दिया जाना चाहिए, ताकि वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ जनहित का सामंजस्य बना रहे। प्रतिनिधि मंडल ने डीएफओ से रात में आकस्मिक स्थिति में जाने वाली एम्बुलेंस, अग्निशमन, प्रशासन की गाड़ियां,जनता की इमरजेंसी में बुकिंग की गई टैक्सियों आदि को बैरियरों पर न रोकने की बात भी कही। इस पर डीएफओ ने कहा इस संबंध में एसओपी तैयार की जा रही है और रात के समय इमरजेंसी स्थिति में वाहनों को रोका नहीं जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मदन सिंह नेगी, उम्मेद सिंह भंडारी और नरेश धस्माना भी शामिल रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# आंधी, तूफ़ान और बारिश ने ढाया क़हर आम के पेड़ों पर पड़ा सबसे ज्यादा असर



**चिड़ियापुर (चिंगारी)।** रविवार को तेज आंधी तूफ़ान के साथ हुई बरसात से एक ओर जहा मौसम का मिजाज बदल गया, वहीं खेत-खलियानो में बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। गन्ना और अन्य फसलों मे सिचाई से किसानों को राहत मिली। वही दूसरी ओर आम के बाग व किसानों की खेतों वह घरों में खड़े आम के पेड़ों से अचानक आंधी और तेज हवाओ के कारण पेड़ खाली हो गये। लालढांग क्षेत्र के बागबान इसरार, सलीम, खुर्शीद और जयप्रकाश लाहरपुर में चिड़ियापुर के प्रीतम सिंह, अवतार सिंह आदि का कहना है कि। पहले आम का बौर (फूल) आंधी व तूफ़ान से झड़ गया था और बचा हुआ आम के पेड़ों पर लगे आम तूफ़ान की भेट चढ़ गया। किसानों के अनुसार 50 प्रतिशत आम की फ़सल बर्बाद हो चुकी है। वहीं मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तेज हवाओं और आंधी तूफ़ान आने की संभावनाये है, जिसको लेकर किसान और बागवान दोनों चिंतित है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# ट्रेन में छूटा कीमती पर्स ट्रेन मैनेजर की तत्परता से वापस मिला

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** काठगोदाम-देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस (12092) में यात्रा कर रहे चार यात्रियों का कीमती सामान से भरा लेडीज पर्स ट्रेन में ही छूट गया। यात्रियों के नजीबाबाद स्टेशन पर उतरने के बाद जब उन्हें पर्स छूटने का एहसास हुआ तो वे काफी परेशान हो गए। हालांकि, ट्रेन मैनेजर की सतर्कता व तत्परता से पर्स को सुरक्षित बरामद कर उसके असली मालिक तक पहुंचा दिया गया। मुरादाबाद मंडल के ट्रेन मैनेजर जीसी शुक्ला मुरादाबाद से देहरादून तक ड्यूटी पर तैनात थे। गाड़ी के नजीबाबाद स्टेशन से रवाना होने के बाद दूसरे ट्रेन मैनेजर सुनील पाल ने सूचना दी कि कोच डी-8 की सीट संख्या 47, 50, 51 व 52 पर यात्रा कर रहे राजकुमार सिंह, अनुराधा, रिदीक्षा गौतम व राजवंश का पर्स ट्रेन में छूट गया है। सूचना मिलते ही जीसी शुक्ला ने तत्काल आरपीएफ कंट्रोल व ऑपरेटिंग कंट्रोल को अवगत कराया। इसके बाद एसी स्टाफ व ऑन-ट्रेन ड्यूटी टीटीई के साथ समन्वय स्थापित कर पर्स को ढूंढ लिया गया। हरिद्वार पहुंचने पर यात्रियों के परिजन को बुलाकर वीडियो कॉल के माध्यम से पर्स की पुष्टि कराई गई सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया गया। पर्स मिलने पर यात्रियों व उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

# थप्पड़ मारने के मामले में चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** मंडावली क्षेत्र के भागूवाला पुलिस चौकी इंचार्ज की एक वीडियो वायरल हुई, जिसमें वह एक युवक के थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहे है। वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने इसकी जांच नगीना सीओ को सौंपी। वीडियो कई महीने पुराना है। दो पक्षों में बार कोड स्कैन कर ऑनलाइन भुगतान को लेकर विवाद हुआ था। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज संजय कुमार ने एक युवक को पकड़कर उसके कई थप्पड़ मारे, जिसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए सीओ नगीना को जांच सौंपी। जांच के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए चौकी इंचार्ज संजय कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476







देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Since 2010
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

आवश्यकता है
ग्रीन सवेरा वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस प्रा. लि., सुहागपुर (धामपुर) के लिए इंग्लिश बोलने वाली लेडी ऑफिस स्टाफ (अकाउंट + कॉलिंग) की आवश्यकता है। सेलरी 12,000-15,000 + ट्रांसपोर्टेशन।
संपर्क करें- मो. 9758405551

1500 फीट का हॉल किराये हेतु
कोचिंग सेंटर, जिम कम्पनी ऑफिस, कम्प्यूटर सेंटर, होल सेल बिजनेस आदि के लिये उपयुक्त 1500 फीट का हॉल (अटैच बाथरूम) ऑन रोड पर किराये हेतु उपलब्ध है।
नीलकमल रोड, सिविल लाइंस, बिजनौर
मो. 9319077691, 9557917281

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर